वर्ष 13, अंक 292
गैरसैंण
सोमवार
6 मार्च 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित  डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23  फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com  मूल्य-2 रुपये

## 4 बार भूकंप के झटकों से डोली उत्तरकाशी की धरती

**नई दिल्ली एजेंसी,** । बीती देर रात उत्तराखंड के उत्तरकाशी में एक के बाद एक चार बार भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके बाद दहशत में आए लोग घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 25 मापी गई। रात 12 बजे से 1.00 बजे के बीच ये झटके महसूस किए गए। हालांकि कहीं से भी कोई अप्रिय सूचना नहीं मिली है। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र सभी तहसीलों से संपर्क बनाए हुए है। बता दें कि भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए और पूरी रात सड़कों पर ही गुजारी। गौरतलब है कि उत्तरकाशी भूकंप की दृष्टि से काफी संवेदनशील है और जोन 5 में आता है।

गौरतलब है कि पिछले एक महीने में 6 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हाल ही में बागेश्वर और पौड़ी में भी भूकंप आया था। विशेषज्ञों का कहना है कि हलके भूकंप के झटकों का मतलब है कि धरती से एनर्जी रिलीज हो रही है। उनका कहना है कि भूकंप की भविष्यवाणी तो नहीं की जा सकती, लेकिन इतना जरूर है कि उत्तराखंड में एक बड़ा भूकंप आ सकता है।

## गौला के पांच गेटों में फिर से खनन शुरू

**हल्द्वानी।** केन्द्र व राज्य सरकार की स्वीति के बाद रविवार से गौला में फिर से खनन शुरू हो गया। वन विकास निगम के डीएलएम आनंद कुमार ने बताया कि गौला के पांच गेटों में 1789 डंपरों से खनन हुआ। उन्होंने कहा कि निगम की कोशिश है कि गौला गेटों में रजिस्टर सभी वाहन खनन के लिए गौला में उतरें। इस मामले में डंपर कारोबारियों से वार्ता भी की जा रही है।

## केंद्र केरल के समग्र विकास पर ध्यान देगा: मंडाविया

**नई दिल्ली,एजेंसी** । केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से कहा कि केंद्र सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र के आधार पर केरल के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया है। गवर्नमेंट मेडिकल कलेज, कोझिकोड में नए सर्जिकल सुपर स्पेशियलिटी ब्लक के उद्घाटन में भाग ले रहे हैं। मंडाविया ने कहा, कोझिकोड के सरकारी मेडिकल कलेज में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवा-ई) के तीसरे चरण के तहत स्थापित इस सुपर स्पेशियलिटी ब्लक का पूरा होना केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच इस जीवंत सहकारी संघवाद का एक उत्ष्ट उदाहरण है।

केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश भर में चिकित्सा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए चिकित्सा बुनियादी ढांचे के साथ-साथ केंद्र और राज्य के बीच गतिशील सहयोग महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। यह देश में सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की नींव रखता है।नए सर्जिकल सुपर स्पेशियलिटी ब्लक के बारे में बात करते हुए मंडाविया ने कहा कि यह सुविधा न केवल कोझिकोड, बल्कि पड़ोसी जिलों की तृतीयक स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को भी पूरा करेगी।257 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र में सुपरस्पेशियलिटी भवन 195.93 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ 273 एकड़ के कलेज परिसर में स्थापित किया गया है,

## ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के नौसैनिक संस्करण का हुआ सफल परीक्षण



**नई दिल्ली, एजेसी।** भारतीय नौसेना ने रविवार को ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के युद्धपोत संस्करण का अरब सागर में सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल में स्वदेशी सीकर एंड बूस्टर लगा है। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया कि मिसाइल में लगे स्वदेशी सीकर एंड बूस्टर को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है और यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ऐसी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करती है जिन्हें पनडुब्बी, युद्धपोतों, युद्धक विमानों या फिर जमीन से लांच किया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल की रफ्तार 2.8 मैक है जो ध्वनि की रफ्तार से लगभग तीन गुना है।

ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के युद्धपोत रोधी संस्करण का पिछला सफल परीक्षण गत वर्ष अप्रैल में किया गया था। भारत ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्यात भी कर रहा है। पिछले वर्ष जून में भारत ने फिलीपींस के साथ इन मिसाइलों की आपूर्ति का 375 करोड़ अमेरिकी डालर का सौदा किया था।

# गैर बीजेपी शासित राज्य सरकारों को गिराने के लिए सीबीआई-ईडी का इस्तेमाल कर रहे पीएम:केजरीवाल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार के साथ ही गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपाल व उपराज्यपाल पर जमकर निशाना साधा है। कहा है कि प्रधानमंत्री गैर भाजपा शासित राज्य सरकारों को गिराने के लिए सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनकी कार्यशैली किसी राज्य में दूसरे दल की सरकार को काम नहीं करने देने वाली है। आरोप लगाया कि सीबीआई व ईडी से डराकर दूसरे दलों की सरकारें गिरा देते हैं। गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक इसके उदाहरण हैं। यह भी कहा कि भाजपा में जब दूसरे दल के नेता चले जाते हैं तो उन पर लगे सारे मुकदमे खत्म हो जाते हैं। हिमंत बिस्व सरमा, शुभेंदु अधिकारी, मुकुल राय व नारायण राणे पर लगे सारे मामले खत्म हो गए।



कई विपक्षी दलों द्वारा सीबीआई-ईडी के दुरुपयोग को लेकर प्रधानमंत्री को लिखी गई चिट्ठी पर ''आप'' के राष्ट्रीय संयोजक ने प्रतिक्रिया देते हुए यह भी कहा कि अगर मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन आप का साथ छोड़ भाजपा में चले जाएं तो न वो जेल में होते और न उन पर कोई मुकदमा होता। प्रधानमंत्री गवर्नर का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, केसीआर, पिनराई विजयन, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार गवर्नर से परेशान हैं, जबकि दिल्ली के उपराज्यपाल तो देश के संविधान और सुप्रीम कोर्ट को मानते ही नहीं हैं। ऐसे देश कैसे चलेगा?

मीडिया से बातचीत में केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की कार्यशैली ऐसी है कि अगर किसी भी राज्य में भाजपा के अलावा किसी दूसरे दल की सरकार है तो वो उसे काम नहीं करने देंगे। यह बहुत ज्यादा खतरनाक है। प्रधानमंत्री किसी भी देश के एक फादर फिगर की तरह होते हैं। चुनाव में हम आपस में लड़ें, लेकिन चुनाव के बाद अगर किसी राज्य में एक बार सरकार बन जाए तो उस सरकार को मदद करने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री की होती है।

प्रधानमंत्री ईडी-सीबीआई से नेताओं को डराते हैं। हिमंत बिस्व सरमा पर पहले सीबीआई और ईडी के कई मामले थे। वो शारदा कांड में फंसे थे और भाजपा में आते ही उनके सारे मामले खत्म हो गए। इसी तरह शुभेंदु अधिकारी, मुकुल रय और नारायण राणे का भी मामला है। उद्धव ठाकरे की पार्टी से कई सारे विधायक तोड़े गए। इनमें कईयों पर सीबीआई और ईडी के मुकदमे चल रहे थे। भाजपा में शामिल होते ही सभी मामले उनके ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

केजरीवाल ने कहा कि ईडी-सीबीआई के अलावा गवर्नर (राज्यपाल) का इस्तेमाल किया जा रहा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से बातचीत करने का हवाला देते हुए कहा कि वहां 20 से ज्यादा बिल विधानसभा ने पास कर दिए हैं, लेकिन उस पर गवर्नर अपना हस्ताक्षर नहीं कर रहे। इसी तरह तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने सुप्रीम कोर्ट में केस किया है कि गवर्नर बिल लेकर बैठे हैं और उस पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। केरल के सीएम पिनराई विजयन का भी यही कहना था कि विश्वविद्यालयों में कई सारे वाइस चांसलर की नियुक्ति को गवर्नर ने रद्द कर दिया। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी केंद्र की भाजपा सरकार से परेशान हैं। अगर देश का प्रधानमंत्री गैर भाजपा सरकारों को काम नहीं करने देंगे और रोज अवरोध पैदा करेंगे तो यह देश के लिए बहुत खतरनाक स्थिति है।

केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कपिल सिब्बल जाने-माने वकील हैं। सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों के पर वो काफी सक्रिय रहते हैं। उन्होंने 'इंसाफ के सिपाही' नाम से एक मुहिम शुरू की है। इसके जरिए वे देश के अलग-अलग हिस्सों से अलग-अलग तबके के लोगों को जोड़ना चाहते हैं। खासकर वकीलों को जोड़ना चाहते हैं। अगर दुनिया का इतिहास देखें तो अमेरिकी व फ्रांस की क्रांति और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वकीलों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। इसे लेकर वेबसाइट लांच की है। केजरीवाल ने वकीलों और आम जनता से अपील की है कि वह सिब्बल के पहल से जुड़े और साथ दें।

## चंपावत में रविवार को दर्दनाक हादसा, तीन की मौत

चंपावत। उत्तराखंड के चंपावत में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। खटोली मार्ग पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों मृतक स्थानीय निवासी हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि हादसा दोपहर करीब पौने चार बजे हुआ। पांचों लोग अमोडी से खटोली की तरफ जा रहे थे। तभी गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया और कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।

इस दौरान शंकर सिंह निवासी डोला कांडा, राजू सिंह निवासी खटोली, जगत सिंह निवासी लड़ाबोरा की मौत हो गई। वहीं, स्वरूप सिंह निवासी खटोली और कुंदन सिंह निवासी पचनयी घायल हो गए।

सूचना मिलने पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दूरस्थ क्षेत्र होने पर ग्रामीणों ने मांग की कि मृतकों का पोस्टमार्टम वहीं कराया जाए। जिसके बाद सीएम के निर्देश पर तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम मौके पर ही किया जा रहा है।

# जन सुझाव बनेंगे राज्य के विकास के आधार: मुख्यमंत्री

### प्रदेश की आर्थिकी को सशक्त बनाने के लिये मुख्यमंत्री ने किया विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि समूहों के साथ संवाद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश की आर्थिकी को सशक्त बनाने के लिये षि, बागवानी, उद्योग, व्यापार आदि समूह के प्रतिनिधियों से संवाद कर उनके सुझाव एवं विचारों से अवगत हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको मिलकर उत्तराखण्ड को सशक्त राज्य बनाने का संकल्प लेना होगा।

उन्होंने कहा कि इस संवाद से प्राप्त होने वाले सुझावों को आगामी बजट में समावेश करने के प्रयास किये जायेंगे। सुझाव देने वालों को अपने अपने क्षेत्रों की क्रीम बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे 21 वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने में भी निश्चित रूप से मदद मिलेगी।

प्रदेश के विकास में जन सहभागिता को जरूरी बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित हैं इसलिये हमें स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार देने को आंदोलन बनाना होगा। समस्याओं एवं सुझावों का भी हमें मिलकर समाधान ढूंढना है।




हमारा प्रयास अंत्योदय की अवधारणा को सर्व स्पर्शी विकास के साथ पूर्ण करने का है। यही हमारा मूल मंत्र भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र विकास में अभिनव पहल के साथ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विषय विशेषज्ञों के सुझावों पर भी हम कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम चौपाल जन समस्याओं के समाधान एवं उनके सुझावों को जानने का माध्यम बन रहे हैं। होम स्टे योजना भी ग्रामीण आर्थिकी एवं स्वरोजगार के माध्यम बन रहे हैं। वे स्वयं जनपदों के भ्रमण के दौरान होम स्टे में निवास कर रहे हैं। इसका अनुभव अविस्मरणीय एवं आत्मीयता के भाव वाला रहता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पास गंगा, यमुना, काली, शारदा जैसी नदियों के साथ 71 प्रतिशत भू-भाग वन व पर्वतों वाला है। देवों की हमारे ऊपर पा है। हमारे प्रदेश का हर क्षेत्र एक डेस्टिनेशन है। हम अपनी इन समृद्ध विरासतों के साथ आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारत के अमृत काल का लक्ष्य भी देश व देशवासियों को विकास के नये शिखर पर पहुंचाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगतिशील देश के रूप में पहचान बना रहा है। कोरोना के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्था विश्व में 10 वीं से 5वें स्थान पर पहुंची है। देश आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। निर्यात बढ़ रहा है, डिजिटल ट्रांजेक्शन 40 प्रतिशत देश में हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास में नवाचार के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। यह संवाद समस्याओं के समाधान की भी राह प्रशस्त करेगा, इसकी भी उन्होंने उम्मीद जतायी।

वित्त मंत्री श्री प्रेम चंद अग्रवाल ने कहा कि बजट से पूर्व विषय विशेषज्ञों से सुझाव एवं विचार आमंत्रित करने के ऐसे प्रयास गत वर्ष भी किये गये थे। यहां प्राप्त सुझावों को बजट का हिस्सा बनाने के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को अग्रणी राज्यों में शामिल करने के प्रयासों में सरकार के साथ समाज के सभी जिम्मेदार नागरिक एवं विषय विशेषज्ञों की भी बड़ी भूमि रहती है।

अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर आपसी संवाद की यह अभिनव पहल की गई है। इससे अर्थ व्यवस्था को मजबूती तथा विकास की गति को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास, नागरिकों की क्षमता, योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराना तथा नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने के प्रयासों में ऐसे आयोजन प्रेरणा का भी कार्य करते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु चौहान एवं मेयर श्री सुनील उनियाल गामा ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर जिन्होंने अपने सुझाव रखे उनमें इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री पंकज गुप्ता, उत्तराखण्ड होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संदीप साहनी, दून स्कूल अफ सोशल साइंसेज के प्रो. ममगाई, सीआईआई की अध्यक्ष सुश्री सोनिया गर्ग, अध्यक्ष व्यापार मण्डल श्री अनिल गोयल, नथुवावाला वार्ड मेम्बर सुश्री स्वाति डोभाल, प्रधान संघ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष श्री भास्कर, आंचल समिति के अध्यक्ष श्री दुष्यंत सिंह रावत, एपल फेडरेशन उत्तराखण्ड के अध्यक्ष श्री विपिन पैन्यूली, चम्पावत के वागवान श्री हरीश चन्द्र जोशी, मौन उत्पादक संघ की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला नेगी, अध्यक्ष स्वर्णा जैविक बासमती उत्पादक संघ श्री यशपाल सिंह राणा आदि शामिल थे।

## गैरसैंण बजट सत्र के लिए अफसरों की छुट्टियों पर रोक

**चमोली।** गैरसैंण में 13 मार्च से विधानसभा बजट सत्र में अपेक्षित विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तथा विधानसभा से संबंधित अन्य वांछित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अधिकारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। अफसरों की मुख्यालय में उपस्थिति अनिवार्य की गई है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने जनपद में कार्यरत समस्त शासकीय, अर्द्वशासकीय विभागों के कार्यालाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को विधानसभा सत्र की अवधि के दौरान मुख्यालय में बने रहने के आदेश जारी किए हैं। विषम परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी अधिकारी का अवकाश बिना पुर्वानुमति के स्वीत ना किया जाए। इसके अतिरिक्त सभी अधिकारी कार्यालय अवधि के उपरान्त भी मुख्यालय, दूरभाष पर अपनी उपस्थिति बनाए रखेंगे। ताकि आवश्कता पड़ने पर किसी भी समय संपर्क किया जा सके। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। सभी संबंधितों को कड़ाई से आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# झंडे जी पर इस बार दर्शनी गिलाफ चढ़ाएंगे जालंधर के बलविंदर

### कई साल पहले माता-पिता ने कराई थी बुकिंग

देहरादून। ऐतिहासिक श्री झंडेजी मेला 12 मार्च से शुरू होगा। इस वर्ष जालंधर के संसार सिंह को श्री झंडेजी पर दर्शनी गिलाफ चढ़ाने का पवित्र सौभाग्य प्राप्त हुआ है, लेकिन उनके विदेश में होने के कारण उनके पुत्र बलविंदर जीत सिंह इस प्रक्रिया को पूरा करेंगे। बलविंदर सिंह के पिता संसार सिंह व माता सुरजीत कौर ने कई वर्ष पहले दर्शनी गिलाफ चढ़ाने के लिए बुकिंग कराई थी।

शनिवार को श्री झंडेजी मेले की तैयारियों और आवश्यक प्लान को लेकर मेला समिति, जिले के प्रशासनिक अधिकारियों



की बैठक हुई। इसमें श्री झंडे जी के आरोहण और मेले की तैयारियों को लेकर श्री दरबार साहिब के सज्जादानशीन श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। समिति के व्यवस्थापक केसी जुयाल ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, शहर कोतवाल विद्या भूषण नेगी आदि प्रशासनिक अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मेला समिति सदस्यों के साथ आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की।


इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, मेला आयोजन स्थल पर पुलिस थाने का संचालन, मेला अस्पताल, एंबुलेंस व्यवस्था, श्री दरबार साहिब में प्रवेश व निकास के लिए आवश्यक वन-वे व्यवस्था पर चर्चा की गई। केसी जुयाल ने बताया कि मेला आयोजन से जुड़ी 50 समितियां अपने कार्य पूरा करने में लगी हुई हैं। इस अवसर पर मेला आयोजन समिति के डीपी जसोला, सतीश पुरोहित, राजेंद्र ध्यानी, नंद सिंह गुसाईं, अनूप नेगी, शैलेश चंद, सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सीएम धामी ने अपनी माता जी को गुलाल लगाकर लिया आशीर्वाद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने निजी आवास नगला तराई खटीमा पर होली पर्व के अवसर पर अपनी माता जी को गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने आवास पर पहुंचे लोगो को भी गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं व बधाई दी। इस अवसर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, अमित पांडे, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## नैनो डीएपी किसानों का जीवन आसान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि नैनो डीएपी उर्वरक को मंजूरी किसानों का जीवन आसान बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।बता दें कि केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने एक ट्वीट किया जिसमें उन्होंने लिखा, उर्वरक में आत्मनिर्भरता की तरफ एक ओर बड़ी उपलब्धि! भारत सरकार ने नैनो यूरिया के बाद अब नैनो को भी मंजूरी दे दी है।प्रधानमंत्री के विजन आत्मनिर्भर भारत के तहत, यह सफलता किसानों को अत्यधिक लाभ देने वाली है। अपने ट्वीट में मनसुख मांडविया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी टैग किया। जिसके बाद पीएम ने



मांडविया के ट्वीट का जवाब दिया और लिखा हमारे किसान भाई-बहनों का जीवन और आसान बनाने की दिशा में एक अहम कदम।2021 में नैनो तरल यूरिया पेश करने वाली उर्वरक सहकारी संस्था इफको ने शुक्रवार को घोषणा की कि सरकार ने अपने नैनो डीएपी उर्वरक को बाजार में उतारने की मंजूरी दे दी है।

## 17 सौ से अधिक अभ्यार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**पौड़ी।** लोक सेवा आयोग की कनिष्क सहायक परीक्षा जिले में रविवार को शांतिपूर्वक संपंन हुई। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में 29 सेंटर बनाए गए थे। जिसमें पौड़ी में 9, कोटद्वार में 8 और श्रीनगर में 12 सेंटर बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण संपंन हुई। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा निपटाने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पुलिस जवानों के साथ ही अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी भी कई। परीक्षा के नोडल अधिकारी आकाश जोशी ने बताया कि जिले के सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। जिले में कुल 9201 परीक्षार्थियों में से 7439 ने परीक्षा दी। जबकि 1762 अनुपस्थित भी रहे। बताया कि पौड़ी के 9 परीक्षा केंद्रों में कुल 2532 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2001 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। श्रीनगर के 12 परीक्षा केंद्रों में 3232 अभ्यर्थियों में से 2661 ने परीक्षा दी। कोटद्वार के 8परीक्षा केंद्रों में 3437 में से 2777 ने परीक्षा दी।

# शिल्पकार जाति के लोगों को हुए ओबीसी प्रमाण पत्र निर्गत, सीबीआई जांच की मांग

**जयंत प्रतिनिधि**

पौड़ी। प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति ने शिल्पकार जाति के लोगों को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पौड़ी जिले की तहसील कोटद्वार में शिल्पकार जाति के लोगों को ओबीसी का प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। जो पूरी तरह से नियमो का उल्लंघन है। समिति ने तहसील में शिल्पकार जाति के लोगों को ओबीसी प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने की सीबीआई जांच किए जाने की मांग की है। प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष हरीश चंद्र शाह व महासचिव राजेश शाह ने उत्तराखंड के राज्यपाल को एक शिकायती पत्र ड्डोजा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष हरीश चंद्र शाह ने बताया कि वर्ष 1931 की जनगणना के अनुसार शिल्पकार की 51 जातियां हैं। जिसका उल्लेख हरिजन एवं समाज कल्याण यूपी विड्डाग में वर्ष 1986 में स्पष्ट रुप से है। वर्ष 2008 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार ने उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मूल निवासी बढ़ई, लोहार, सोनार, दर्जी, केवट, धुनार, ताम्रकर, मिस्त्री आदि को अनुसूचित जाति (शिल्पकार) का प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर प्रमुख सचिव उत्तराखंड को निर्देश दिए हैं। बताया कि कार्मिक विड्डाग की अधिसूचना मार्च 2010 में ओबीसी की सूची में 84 मूल जातिध्डप जातियों का विवरण है। जिसमें उत्तराखंड की मूल अनुसूचिज जाति की उप जाति दर्जी, बढ़ई, लोहार, सोनार, केवट, ताम्रकर, तैली, कोली को ओबीसी में शामिल किया गया था। जिसे अनुसूचित जाति सामाजिक संगठनों व लोगों ने विरोध जताते हुए हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

दिसंबर 2913 में हाईकोर्ट ने उक्त अधिसूचना को निरस्त कर दिया था, जिसके बाद जनवरी 2014 में प्रदेश सरकार ने पुनः उक्त जातियों को अनुजाति में शामिल कर लिया था। लेकिन वर्तमान में कुछ शरारती तत्वों द्वारा शासन-प्रशासन को गुमराह कर ओबीसी प्रमाण पत्र बनवाए हैं। समिति के प्रदेश महासचिव राजेंद्र शाह ने कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों को साजिश का शिकार बनाए जाने का कुत्सित प्रयास हो रहा है। जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सामाजिक तानेबाने को नुकसान पहुंचाने वालो पर कड़ी कार्रवाई की जाय। वहीं एसडीएम कोटद्वार प्रमोद कुमार ने कहा कि तहसील में शिल्पकार जाति के कुछ लोग आए थे कि उन्हें अनुजाति के बजाय ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किया जाए। जिन्हें स्पष्ट रुप से ओबीसी प्रमाण पत्र बनवाए जाने के लिए इंकार कर दिया गया था। बावजूद इसके प्रकरण की जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने को लेकर की बैठक

**कोटद्वार।** वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण कोटद्वार बेस हस्पिटल की हालत को सुधारने के लिए दिल्ली एम्स की 12 स्पेशलिस्ट डक्टरों की टीम के साथ चिंतन मंथन कर रही है। इसी क्रम में रविवार को उन्होंने बेस हास्पिटल स्टाफ और एम्स की टीम के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि बेस हस्पिटल में डक्टरों की कमी है। इस अस्पताल में दूरदराज के गांवों सहित उत्तर प्रदेश से भी लोग इलाज कराने आते हैं। इसलिए यहां की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाना आवश्यक है। इस पर एम्स के डायरेक्टर डक्टर एम श्रीनिवास ने पूर्ण सहयोग करने की बात कही। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने एम्स से आई डक्टरों की टीम के साथ सिद्धबली धाम में दर्शन किए। तत्पश्चात बेस हास्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान बेस अस्पताल के सीएमएस डा. विजयेश भारद्वाज, डा. विजयदीप, डा. गरिमा, डा. हेमांग, डा. विजय कुमार और डा. सोमरंजन मलिक आदि मौजूद रहे।

# छात्रावासों एवं खेल मैदानों के लिए दिया बजट

**जयंत प्रतिनिधि**

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय मेडिकल कलेज श्रीनगर के छात्रावासों, बैडमिंटन कोट, वलीबाल एवं बास्केटबल ग्राउंड के लिए पौने तीन करोड़ का बजट स्वीत किया गया है।

इस बजट से छात्रावासों में रंगाई, पुताई एवं मरम्मत कार्य तथा बैडमिंटन कोट, वलीबाल एवं बास्केटबल ग्राउंड की हालत सुधारी जाएगी। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने बताया कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ड. धन सिंह रावत श्रीनगर मेडिकल कलेज में कुछ दिन पहले निरीक्षण किया था। जिसमें छात्रावास आदि की स्थिति सही नहीं पाई गई। जिसके लिए उन्होंने छात्रावासों में रंगाई पुताई एवं मरम्मत कार्य, बैडमिंटन कोट का मरम्मत कार्य, वलीबाल एवं बास्केटबल ग्राउंड के निर्माण कार्य कराए जाने की बात कही थी।

कहा अब उक्त कार्यों के लिए करीब पौने तीन करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीति मिल गई है। जिस पर श्रीनगर मंडल के अंतर्गत रहने वाले भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है। खुशी जताने वालों में पूर्व दायित्वधारी राज्यमंत्री अतर सिंह असवाल, राकेश ध्यानी, अनीता बुड़ाकोटि, शशि जुयाल, प्रमिला भंडारी, जितेंद्र धिरवांण, देवेंद्र मणि मिश्रा, राकेश डोभाल, राजेंद्र बिष्ट, विनय घिल्डियाल, अनुग्रह मिश्रा, पंकज सती, मानव बिष्ट आदि शामिल रहे।

# मेडिकल कालेज श्रीनगर में पीजी की 50 सीटें स्वीकृत

**श्रीनगर गढ़वाल।** वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कलेज में तीन वर्षीय डीएनबी पीजी कोर्स के साथ-साथ एमडी एवं एमएस पोस्ट ग्रेजुशन करने के लिए 50 सीटें स्वीत हो गई हैं।




मेडिकल कलेज में एमडी एवं एमएस कोर्स के लिए एनटामी विभाग में 4 सीटें, फिजियोलजी में 2, फार्माकोलजी में 2, माइक्रोबायोलजी में 3, पैथोलजी में 4, फोरेंसिक मेडिसिन में 3, कम्युनिटी मेडिसिन में 4 तथा आफ्थैलमोलजी में दो सीटों की पहले ही स्वीति मिल चुकी थी। जबकि डीएनबी तीन वर्षीय पीजी कोर्स हेतु जनरल मेडिसिन में 2 सीटें, जनरल सर्जरी में 3, आर्थोपेडिक्स में 2, एनेस्थिसिया में 2 सीटों की स्वीकृति मिली है। जबकि विगत दिवस स्कीन विभाग में भी डीएनबी कोर्स हेतु तीन सीटों की स्वीति मिली है। पीजी डिप्लोमा कोर्स में बाल रोग विभाग में 4, ईएनटी में 2, प्रसव एवं प्रसूति विभाग में 2, एनेस्थिसिया विभाग में 6 सीटों की अनुमति मिली है। जिससे मेडिकल कलेज श्रीनगर में कुल 50 पीजी की सीटें मिल चुकी है। मेडिकल कलेज के प्राचार्य ड. सीएमएस रावत ने कलेज में नेशनल मेडिकल काउंसिल और एनबीई की ओर से पीजी की सीटें स्वीत होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि उक्त कोर्स करने के बाद मेडिकल कलेज से प्रदेश के लिए विशेषज्ञ मिलेगे।

प्राचार्य ने प्रदेश सरकार व चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत को इसका श्रेय देते हुए कहा कि उनके अभूतपूर्व प्रयासों से ही आज मेडिकल कलेज में 50 पीजी सीटें व 100 से 150 एमबीबीएस सीटों की स्वीति के साथ मानव संसाधन व इन्फ्रास्ट्रक्चर की उपलब्ध हुई है। कहा उनके प्रयासों से आने वाले समय में सभी सुपरस्पेशलिटी सेव-ाओं के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जंगल में आग लगाने पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**जयंत प्रतिनिधि**

**पौड़ी।** इस बार औसत से कम बारिश होने के चलते जंगलों में आग लगने की घटनाएं फरवरी माह से ही शुरू हो गई थी। जंगलों में आग लगने की घटनाओं पर राजस्व पुलिस भी सतर्क बनी हुई है। पौड़ी तहसील के थापली गांव के सोदलयूं तोक की वन भूमि पर आग लगाने की घटना पर राजस्व पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



वहीं, डीएम ने भी आग की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्क रहने के निर्देश अफसरों को दिए हैं। कफोलस्यूं 2 के राजस्व उपनिरीक्षक दीपक बेलवाल ने बताया कि बीते शनिवार की देर शाम को थापली के सोदलयूं तोक की वन भूमि पर आग लगने की सूचना मिली थी। बताया कि आग लगने की घटना से वन संपदा को काफी नुकसान हुआ है। बताया कि जंगल में आग लगाने, प्रति को नुकसान पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। इससे पूर्व भी कुछ दिनों पूर्व राजस्व पुलिस ने पटटी बाली कडांरस्यूं द्वितीय के ग्राम ढोरखोली के समीप के वन में आग लगाने की घटना पर एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। डीएम डा.आशीष चौहान ने जिले के सभी ब्लाकों में संबंधित खंड विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है। जिले के सभी न्याय पंचायतों में भी विभिन्न विभागों के कार्मिकों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। ये नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के साथ ही जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने के साथ ही आग लगने की सूचना आपदा कंट्रोल रूम को भी देंगे।

## श्रीनगर में निकाली रंग यात्रा

**श्रीनगर गढ़वाल।** भागीरथी कला संगम की ओर से नगर क्षेत्र में रंग यात्रा निकाली गई। इस दौरान कलाकारों ने होली के गीत गाए। संस्था के निर्देशक मदन गडोई ने कहा कि संस्था की ओर से प्रति वर्ष होली परंपरागत रूप में मनाई जाती है। मौके पर रंगकर्मी मुकेश नौटियाल, राजेंद्र बड़थ्वाल, रमेश आर्य, रवि पुरी, नरीलाल निर्वेद, भगत सिंह बिष्ट, मंजीत, संजय कोठारी, दिनेश लिंगवाल, अरूण, रजत, पवन चमोली, गणेश काला आदि मौजूद रहे।

## अधिवेशन 12 मार्च को

**कोटद्वार।** वन विभाग के दैनिक, संविदा व आउटसोर्स कर्मचारी संघ का तृतीय द्विवार्षिक अधिवेशन 12 मार्च को भूमि संरक्षण वन विभाग लैंसडौन के टीओ क्वार्टर कोटद्वार में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने सभी दैनिक संविदा आउटसोर्स कर्मचारियों से अधिवेशन में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## बीईओ को दिए कार्रवाई के निर्देश

**श्रीनगर गढ़वाल।** एसडीएम अजयवीर सिंह ने प्राइवेट स्कूलों में बिना अभिभावकों की सहमति के ड्रेस बदले जाने व ड्रेस, किताबें, टाई आदि स्कूली बच्चों को बेचे जाने की शिकायत पर बीईओ को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी खिर्सू व कोट को भेजे पत्र में एसडीएम ने कहा है कि भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य कुशलानाथ की ओर से निजीध्मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों पर ड्रेस बदलने एवं किताबें व अन्य सामान बेचे जाने की शिकायत की गई है। साथ ही उनके द्वारा इस समस्या के निराकरण के सबंध में सभी प्राइवेट स्कूलों की 15 मार्च से पूर्व बैठक कराए जाने को कहा गया है। एसडीएम ने कहा ने बीईओ को इसका संज्ञान लेते हुए बैठक निर्धारित कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# रसोई गैस की बढ़ी कीमतों व महंगाई के खिलाफ आइंविपा का प्रदर्शन

विकासनगर। आम इंसान विकास पार्टी ने रसोई गैस व कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों के खिलाफ जमनपुर सेलाकुई में धरना–प्रदर्शन किया। कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकारों के बनने के बाद आम गरीब का जीना मुश्किल हो गया है। महंगाई की मार ने जनता की कमर तोड़ कर रख दी है। जमनपुर चौक सेलाकुई में हाईवे किनारे एकत्रित होकर आइंविपा के कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में कार्यकर्ता धरने पर बैठ गये। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकिल अहमद ने कहा कि वर्ष 2011 में रसोई गैस सिलेंडर के दाम तीन सौ पचास रुपये थे। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था




कि यदि केंद्र में भाजपा की सरकार आयी तो रसोई गैस के ही नहीं तमाम खाने पीने की वस्तुओं सहित सभी वस्तुओं के दाम कम होंगे। महंगाई पर रोक लगेगी। लेकिन आज स्थिति यह है कि रसोई गैस के दाम 1130 रुपये हो गये। जबकि कॉमर्शियल गैस के दाम प्रति सिलेंडर तीन सौ पचास रुपये बढा दिए हैं। अन्य वस्तुओं में जो अरहर मल्का की दाल कभी चालीस रुपये किलो मिलती थी। वह आज एक सौ नब्बे रुपये किलो तक पहुंच गयी है। जबकि अरहर मल्का की दाल आम गरीब के लिए एक तरह से बरदान होती थी। लेकिन आज लोगों की थाली में रोटी, दाल का कटोरा गायब होने की स्थिति पैदा हो गयी है। तमाम तरह के टैक्स की मार सरकार गरीबों पर लगा रही है। कहा कि महंगाई की मार ने आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। प्रदर्शनकारियों में इकबाल, आलिम, परवेज, नाजिम, शिवाशु गुप्ता, आदिल, इब्राहिम, अमजद, अमन, कासिम, अकरम, अक्षय यादव, राशिद, शमी, दीपक जोशी, राजू, महफूज, मासूम, रियाज, आजाद, नूरजहां, रीता शर्मा, सायरा, करामती, सुनीता, सानियां आदि शामिल रहे।

# महिला व उसके दो बेटों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा दर्ज

विकासनगर। सेलाकुई थाना क्षेत्र के अंतर्गत अब्दुलापुर कैंचीवाला निवासी एक ग्रामीण ने एक महिला उसके दो बेटों पर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। महिला ने आरोप लगाया कि महिला सहित तीन लोगों ने दो फरवरी को उसके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत अब्दुलापुर राजकुमार पुत्र गुरुमुख सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में राजुमार ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी काका पुत्र श्यामसिंह, बिल्लू राम पुत्र श्याम सिंह व रूपा देवी पत्नी श्याम सिंह निवासी अब्दुलापुर कैंचीवाला पर आरोप लगाया कि आरोपियों ने दो फरवरी को उसके घर में घुसे। बताया कि आरोपियों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे गंभीर चोटें आयी हैं। बताया कि आरोपियों ने उसे जमकर गाली गलौज किया है। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। ग्रामीण ने बताया कि आरोपियों से उसकी जान को खतरा पैदा हो गया है। आरोपी फिर कभी भी उसके साथ मारपीट कर सकते हैं।

बताया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं की तो उसकी जानमाल को नुकसान पहुंचा सकते हैं। थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच एसआई रतन सिंह बिष्ट को सौंपी गयी है।

## आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी

कोटद्वार। वरिष्ठ नागरिक संगठन के सदस्यों की देवी रोड़ स्थित मेजर बालम सिंह पूर्व सैनिक ट्रस्ट के प्रांगण में आयोजित बैठक में संगठन की ओर से किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल ने पिछले महीनों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष कै. पी एल खंतवाल ने अवगत कराया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए इस महीने के अंतिम सप्ताह में हंस फाउंडेशन के सहयोग से मेडिकल कैंप का आयोजन किया जायेगा साथ ही उन्होंने वरिष्ठ जनों के लिए हेल्पेज इंडिया संस्था के सहयोग से साइबर क्राइम पर सेमीनार आयोजित करने की बात भी कही। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए गुलाल लगाया। इस दौरान रिपुदमन सिंह, राजेंद्र सिंह, के एस चौहान, रघुवीर सिंह रावत, विजय माहेश्वरी और श्रीष्ण सिंघानिया सहित संगठन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## सच्ची शिक्षा का मतलब है समाज के प्रति सेवाभाव

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि के ऋषिकेश कैंपस के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन रंगारंग कार्यक्रमों से हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्र–छात्राओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। रविवार को श्री देव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के अंतिम दिन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीभरत मंदिर के महंत वत्सल प्रपन्न शर्मा ने कहा कि एनएसएस बच्चों में समाजसेवा की भावना पैदा करता है। इसके लिए जरिए ही एक कुलश समाज सेवक का निर्माण होता है। परिसर के प्राचार्य प्रो. गुलशन कुमार ढींगरा ने स्वयंसेवियों ने एनएसएस शिविर में सीखे अनुभवों से समाज में जागरूकता लाने और समाजसेवा के लिए प्रेरित किया।

## विद्युत टैरिफ सुविधा समाप्त किए जाने से ऊर्जा कर्मियों में नाराजगी

विकासनगर। हाइड्रो इलेक्ट्रिक इंप्लाइज यूनियन के पदाधिकारियों ने लंबित समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की है। पिटकुल प्रबंधन के साथ बैठक के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि प्रबंधन जानबूझ कर उनकी उपेक्षा कर रहा है, जिससे उनका आर्थिक और मानसिक शोषण हो रहा है। पॉवर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन उत्तराखंड के प्रबंध निदेशक के साथ हुई बैठक में यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने बताया कि कर्मचारियों की जायज मांगों की लगातार उपेक्षा की जा रही है, जिससे उनमें रोष पनप रहा है। पिटकुल प्रबंधन में सुनवाई नहीं होने से कर्मचारियों के मनोबल पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यूनियन के अध्यक्ष केहर सिंह ने प्रबंध निदेशक को बताया कि एक अप्रैल 2020 के बाद नियुक्त हुए कर्मचारियों को विद्युत टैरिफ की सुविधा बंद कर दी गई है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। वेतन विसंगति के मामले में भी प्रबंधन चुप्पी साधे हुए है, जबकि वेतन विसंगति के कारण समान पद पर तैनात समान कार्य करने वाले कर्मचारियों के वेतन में भारी अंतर बना हुआ है। इसके साथ ही टीजी–2 कर्मचारियों को भी एक वेतन वृद्धि की मांग लंबे समय से की जा रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सभी मांग जायज हैं। इन मांगों के पूरा नहीं होने का सीधा असर कर्मियों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से कर्मचारियों का मनोबल भी प्रभावित हो रहा है। यूनियन के अध्यक्ष ने पुरानी पेंशन लागू करने की मांग करते हुए कहा कि नई पेंशन योजना के तहत सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा नहीं मिल रही है, इसके साथ ही पारिवारिक आर्थिक सुरक्षा का प्रावधान भी नई पेंशन योजना के तहत नहीं है।

## भोजना माताओं ने मनाया महिला दिवस

विकासनगर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोजनमाता संगठन ने को राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरबर्टपुर में महिला दिवस को धूमधाम से मनाया। जिसमें महिलाओं से संबंधित हर पहलू पर विस्तार से चर्चा कि गई । इस मौके पर महिलाओं ने एक दूसरे को होली का गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उषा देवी ने कहा कि महिलाएं अपने प्रत्येक कार्य में सक्षम है। कहा वर्ष 1908 में एक मजदूर आंदोलन के बाद से अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत हुई। कहा यह आन्दोलन महिलाओं के द्वारा ही किया गया था। जोकि बहुत ही कामयाब रहा। कहा महिलाएं घर परिवार का एक अहम हिस्सा होती है। और वह समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिये उनका सम्मान भी जरूरी है।

# आप कार्यकर्ताओं ने किया होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

विकासनगर। आम आदमी पार्टी ने सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेलाकुई में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर पार्टी ने कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया।

जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक पर फूल बरसाकर फूलों की होली खेलकर शुभकामनाएं दीं। आम आदमी पार्टी की ओर से आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में पार्टी के नव स्थापित कार्यालय का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली ने कहा कि आगामी निकाय चुनाव में पार्टी सभी सीटों पर मजबूती के साथ चुनाव लड़ने को तैयार है। सीबीआई द्वारा मनीष सिसोदिया जी की गिरफ्तारी को भाजपा का षड्यंत्र बताते हुए आजाद अली ने कहा कि भाजपा पिछले काफी समय से दिल्ली में आम आदमी पार्टी व मनीष सिसोदिया जी की छवि को खराब करने की कोशिश कर रही है। इस मौके पर समाजसेवी विष्णु दत्त बजाज, पूर्व सैनिक उपेन्द्र वर्मा, अमित ने आप की सदस्यता ली। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सय्याद अली, नीरज तिवारी, मेहरुना परवीन, मासूम, मारूफ अहमद, मोहम्मद तालिम, अनवाज, सुजात, अमान, मासूम अली, मासूम मिर्जा, युनुस, कुलविंदर सिंह, राजेश राणा, गौरव गोयल , सरिता रानी, संजय सोहल, सन्दीप ठाकुर, अमजद इलाही, मास्टर रहूफ, निखिल राणा, मो. बिलाल, अनीश अहमद, मासूम अली रितिक राणा, गौरव भारतीय, कल्पना तिवारी आदि मौजूद रहे।

## शत प्रतिशत राजस्व वसूली का रखा लक्ष्य

देहरादून। ऊर्जा निगम मैनेजमेंट ने इस बार शत प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है। एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने बताया कि अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक राजस्व वसूली 99 प्रतिशत है। इस बार शत प्रतिशत वसूली का रिकॉर्ड बनाया जाएगा। राजस्व घाटे को पूरी तरह कम किया जाएगा। दो वर्ष पहले राजस्व घाटा 577 करोड़ था। जो बाद में 151 करोड़ हुआ। पिछले वर्ष इसे 21 करोड़ में सीमित किया गया। इस वर्ष इसे पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। न सिर्फ राजस्व वसूली, बल्कि जनता की दिक्कतों को भी दूर किया जा रहा है।

## दीक्षांत समारोह का आयोजन

कोटद्वार। भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में चतुर्थ दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मानद उपाधि दी गई। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री देव सुमन उत्तराखण्ड के कुलपति प्रो. एम एस रावत, कुलाधिपति बी जी यू डअनिल सिंह, गुरूकुल महाविद्यालय संस्थापक डा विश्वपाल जयंत, डा. लोकेश बंसल व डीन प्रोफ़ीएसग़णा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय डीन प्रोफ़ीएसग़णा ने विवि की गत वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# सीएम आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की



सितारगंज,। जायडस कंपनी के श्रमिकों ने रविवार को खटीमा में सीएम आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने कार्मिकों की कार्य बहाली की मांग की।

जायडस वेलनेस इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष विकास सती ने सीएम को बताया कि जायडस कंपनी ने असंवैधानिक तरीके से रातोरात कंपनी बंद दी। इससे कंपनी में कार्य करने वाले श्रमिक नौ माह से बेरोजगार हैं।

शासन ने कंपनी की बंदी को अवैध घोषित कर दिया है। बावजूद इसके कंपनी ने अभी तक तालाबंदी समाप्त नहीं की और कर्मचारियों को बहाल भी नहीं किया है। इससे उनके परिवार भुखमरी के कगार पर हैं। संगठन मंत्री पूरन भाकुनी और दीपक नयाल ने बताया कि सीएम ने डीएम और एसएसपी को निर्देशित कर श्रमिकों की समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं।

## चम्पावत में निकाली साइकिल रैली

चम्पावत। चम्पावत में महिला दिवस पर साइकिल रैली निकाली गई। रैली को सीएमओ डॉ.केके अग्रवाल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली के जरिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। रविवार को विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी और कर्मचारियों ने साइकिल रैली निकाली।

रैली रोडवेज स्टेशन से टीआरसी तक निकाली गई। आयुष्मान भारत के तहत हुए कार्यक्रम की थीम हेल्दी वूमन हेल्दी इंडिया थी। रैली में एसटीओ अमित, डीपीएम गौरव पांडेय, प्रेम बल्लभ भट्ट, ममता मिश्रा, हरीश भट्ट, रवि भट्ट, नारायणी बिष्ट, संजय पांडेय, दिनेश थ्वाल, प्रवीण भट्ट ने सहयोग दिया।

# अधिवेशन में समस्याओं के समाधान पर किया मंथन

रुद्रपुर। बंगाली महासभा के प्रथम वार्षिक अधिवेशन में समाज के लिए महासभा बनने के बाद किए गए विभिन्न कार्यों पर मंथन किया गया। इस दौरान जिले के अलावा उत्तर प्रदेश से भी तमाम बंगाली जनप्रतिनिधि अधिवेशन में शामिल हुए। रविवार को दिनेशपुर नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर बंगाली महासभा का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ महासभा के अध्यक्ष राजकुमार शाह ने स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और रविंद्रनाथ टैगोर के चित्र के सामने दीप जलाकर किया। वहीं कार्यक्रम में बंगाली समाज की तीन बेटी तीलू रौतेली पुरस्कार प्राप्त इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रेमा विश्वास, नीलिमा राय, जयश्री राय को बंगाली महासभा की ओर से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि बंगाली समाज ने देश की आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। बताया कि बीते दिवस शक्तिफार्म, दिनेशपुर और रुद्रपुर से महासभा के 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में मुख्यमंत्री आवास स्थित कार्यालय में सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही बंगाली समाज के दस्तावेजों से पूर्व पाकिस्तानी शब्द हटाए जाने पर सीएम धामी का आभार जताया। इस मौके पर केके दास, विजय मंडल, आदित्य मलिक, सीमा सरकार, सुनील विश्वास, हिमांशु सरकार, हरे कृष्ण ढाली, कृपासिंधु राय, सुदर्शन विश्वास, प्रभास मंडल, मुकेश मिस्त्री, भावेश हालदार समेत बंगाली समाज के लोग मौजूद रहे।

## अराजकता करने वालो की 112 पर दें सूचना

पिथौरागढ़। पुलिस ने आगामी होली पर्व और शब–ए–बारात को लेकर व्यापारियों के साथ बैठक की। नगर के कोतवाली में एसडीएम अनुराग आर्या की अध्यक्षता में बैठक हुई।

इस दौरान पुलिस ने लोगों से पर्वो के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील की।

# छात्रों को अपने कार्य मे निरंतरता बनाए रखनी चाहिए: कुलपति

अल्मोड़ा। एसएसजे परिसर के दृश्य कला संकाय में कौशल विकास, कला विषय और जी–20 शिखर सम्मेलन को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। एक दिवसीय कार्यशाला में शोधार्थियों को कौशल विकास और कला विषय से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी।

शनिवार को दृश्य कला संकाय के सभागार में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवि कुलपति प्रो. जगत सिंह बिष्ट ने किया। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि दृश्य कला संकाय रचनात्मक संकाय हैं। कहा कि छात्रों को अपने कार्य मे निरंतरता बनाए रखनी चाहिए। जिनसे भविष्य में वह उस कार्य में कुशल हो सके। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने दृश्य कला संकाय के शोधार्थियों का प्रोत्साहन करते हुए कौशल विकास और कला के विषय में चर्चा की। विभागाध्यक्ष प्रो. शेखर चंद्र जोशी ने कहा कि कला का उद्देश्य किसी भी कला को कुशलता और दक्षता के साथ विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर अधिष्ठाता प्रशासन प्रो. पीएस बिष्ट, डीएसडब्लू प्रो. इला साह, डॉ. संजीव आर्या, प्रो. सोनू द्विवेदी, ध्रुव टम्टा, डॉ. कुसुम लता, डॉ. रवि कुमार, योगेश मनाली समेत कई शोधार्थी मौजूद रहे।

## दवा कारोबारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हल्द्वानी। दवा कारोबारियों ने उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी नियमों का विरोध किया है। रविवार को प्रेस को जारी एक बयान में नैनीताल केमिस्ट एसोशियन के पूर्व जिला महामंत्री नीरज कांडपाल ने कहा कि राज्य सरकार नए नए नियम थोप रही हैं। ऑनलाइन दवा कारोबारी किसी नियम का पालन नहीं कर रहे हैं।

## पिथौरागढ़ में चलाई जाए सिटी बस

पिथौरागढ़। समाजवादी पार्टी ने प्रदेश सरकार से सीमांत की भी सुध लेने को कहा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यहां के लोग विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। शहर व एक से दूसरे ब्लॉक में आवाजाही करने को लोगों के लिए बस सेवा तक नहीं है। सपा जिलाध्यक्ष राजीव यादव नेसीमांत जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजा। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से जिला मुख्यालय में बस सेवा शुरू करने को कहा है। इसके अलावा मुनस्यारी से जिला मुख्यालय व देहरादून, दिल्ली को बस सेवा संचालित करने, दारमा घाटी तक बस सेवा व मुनस्यारी में एसडीएम की स्थाई नियुक्ति करने की भी मांग की है।

# यूथ कांग्रेस ने फूंका केंद्र व प्रदेश सरकार का पुतला



रुद्रपुर। मंहगाई के विरोध में यूथ कांग्रेसियों ने केंद्र व प्रदेश सरकार का पुतला फूंक विरोध जताया। उन्होंने सरकार से महंगाई कम करने और रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने की मांग की। साथ ही जल्द मांगों पर का-र्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी। रविवार को इंदिरा चौक पर यूथ कांग्रेस की मीडिया प्रभारी सोफिया नाज के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव निशांत शाही ने कहा कि सरकार महंगाई रोकने में नाकाम साबित हो रही है। भाजपा के कार्यकाल में मंहगाई चरम पर पहुंच गई है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। इसके चलते आम जनता के सामने रोजी रोटी का संकट छाने लगा है। उन्होंने सरकार से मंहगाई को कम करने की मांग की है। साथ ही मांग जल्द पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, प्रकाश अधिकारी ,राघव सिंह, शाहरुख, अमन, रणजीत, नावेद, राजेश, विनय, सुहेल खान, अली, फैसल, राजू रहे।

# होली मिलन समारोह का आयोजन किया



सितारगंज,। एल्डिको सिडकुल की ओर से भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उद्योगपतियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद मंच पर गायक एल्वर्ट व जनक प्रसाद एवं हल्द्वानी से पहुंची गायिका कविता बेलवाल ने कुमाउनी, भोजपुरी और हिन्दी गीतों से समा बांधा।

बरेली से आए प्रमोद कुनियाल ने बॉलीवुड के मशहूर अभिनेताओं की आवाज की मिमिक्री कर लोगों को खूब हंसाया। दिल्ली के कॉमेडियन राहुल विज ने भी खूब गुदगुदाया। चार घंटे तक चले होली मिलन समारोह में एल्डिको सिडकुल की तमाम फैक्ट्रियों के अधिकारी व कर्मचारियों ने एक दूसरे को गले लगाकर जमकर अबीर गुलाल से होली खेली। सुरिन ऑटो कंपनी के अनुभव जौहरी ने भी गीतों की प्रस्तुति दी।

# बच्चों का संपूर्ण विकास बहुत जरूरी: डॉ. रितु

हल्द्वानी। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक (आईएपी) ने बच्चों के विकास और पोषण देखभाल को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें राज्यभर के बाल रोग विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। रविवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यशाला में आईएपी की प्रदेश उपाध्यक्ष व राजकीय मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग की एचओडी डॉ. रितु रखोलिया ने बच्चों के संपूर्ण विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को बीमारियों से बचाकर उसके शरीर को स्वस्थ रखना पुरानी बात हो गई। अब बीमारी से बचना, तंदुरुस्त रखने के साथ साथ बच्चे का आईक्यू, व्यवहार, इमोशन आदि पर भी ध्यान देने की जरूरत है। नोएडा की डॉ. लता भाट, देहरादून की डॉ. श्रुति कुमार, रोहतक के डॉ. सतीश शर्मा ने तथ्यपरक व व्यवहारिक बातें बताईं। कार्यशाला में भवाली, रुद्रपुर, पिथौरागढ़, श्रीनगर, हल्द्वानी, अल्मोड़ा आदि से आए 40 से ज्यादा बाल रोग विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

# हाथी ने रौंदी गेहूं की फसल



चम्पावत। टनकपुर के छीनीगोठ में हाथी का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है।

हाथी लगातार गांव में घुसकर काश्तकारों की खेतों में खड़ी गेहूं की फसल के अलावा फलदार पौधों को रौंद रहा है। छीनीगोठ की प्रधान पूजा जोशी ने बताया कि शनिवार देर रात गोधन सिंह, प्रदीप जोशी, नवीन जोशी आदि काश्तकारों की खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को रौंद दिया।

ग्रामीणों ने वन विभाग से सोलर फेंसिंग लगाए जाने की मांग की है।

# नव सांस्कृतिक सत्संग समिति के होली महोत्सव में बच्चों और महिलाओं ने बिखेरे विविध रंग




नैनीताल।।सरोवर नगरी नैनीताल के नव सांस्कृतिक सत्संग समिति, शेर का डांडा द्वारा आयोजित होली महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों के बाल होल्यारो और महिलाओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के जुझारूप्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सी आर एस टी इंटर कॉलेज नैनीताल के कला प्रेमी प्रधानाचार्य मनोज पांडे एवं पूर्व प्रधानाचार्य ए एन सिंह, समिति के अध्यक्ष खुशाल सिंह रावत, सचिव पूरन चंद्र पांडे आदि ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के पूर्व महासचिव उमेश सनवाल एवम रंगकर्मी शिक्षिका दीपा पाण्डे द्वारा किया गया।प्रतिभागी विद्यालय की टीमों में शिक्षिका नेहा के नेतृत्व में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल सहित जानकी आर्या के नेतृत्व में राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ निशांत, रमा डालाकोटी के नेतृत्व में राधा चिल्ड्रेन अकादमी, लता रावत के नेतृत्व में नगर पालिका बालिका इण्टर कालेज एशडेल, राजेश कुमार के नेतृत्व में सी आर एस टी के बच्चों ने प्रस्तुतियां दीं। साथ ही सितार वादन में गन्धर्व भूषण पुरस्कार विजेता मास्टर हर्षित का सितार वादन विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। होली कार्यक्रम के दौरान सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्या विशन सिंह मेहता अपने को नही रोक सके और स्कूल के बच्चों के साथ मस्त होकर नाचने लग गये।आयोजन में अध्यक्ष खुशाल सिंह रावत, संरक्षक महेश चन्द्र तिवारी, ए एन सिंह, उपाध्यक्ष संतोष पंत, सांस्कृतिक सचिव हिम्मत सिंह बिष्ट, महामंत्री पूरन चन्द्र पाण्डे, उप सचिव महावीर बिष्ट, व्यवस्थापक कोषाध्यक्ष विनोद सनवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश चन्दोला, दिनेश जोशी, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, नवीन चन्दोला, बुजुर्ग होल्यार बिपिन पंत, कुंवर सिंह रावत, इन्द्र सिंह रावत, दीपक जोशी, यू डी जोशी, नीरज डालाकोटी, विजय बिष्ट, विकास बडोला, कैलाश जोशी, गौरव जोशी, दीपक पाण्डे, गणेश लोहनी, कमल बिष्ट, चन्दन जोशी, ललित मोहन पाण्डे, हिमांशु पाण्डे, दीपक भण्डारी, आदि द्वारा योगदान दिया गया।

## विधायक अरोरा ने खुशी विला में सुनीं लोगों की समस्याएं

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा रविवार को रुद्रपुर के खुशी विला पहुंचे। लोगों ने फूल मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने समस्याओं के जल्द निराकरण का आवश्वासन दिया। विधायक बनने के बाद पहली बार खुशी विला पहुंचे विधायक अरोरा ने कहा कि जनता ने उनको क्षेत्र के विकास के लिए चुना है और वह उस पर खरा उतरने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र में नई–नई योजनाएं आएं और क्षेत्र की जनता उनसे सीधे लाभान्वित हो ऐसा प्रयास है। वहीं कॉलोनिवासियों ने सड़क व नाली निर्माण जैसी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। इस दौरान राजेश जग्गा, धीरेंद्र पटेल, अरविंद गंगवार, सजेंद्र, बीएन तिवारी, रंजन सिंह, प्रवीण, सीमा, शालिनी, रजनी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़कों के निर्माण के लिए जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

सितारगंज। विधानसभा क्षेत्र के एससी बाहुल्य गांवों में नौ सड़कों को मंजूरी मिली है। इन गांवों में सड़कों के निर्माण के लिए जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि ग्राम गोठा की नई बस्ती में योगेश कुमार के घर से दलसिंगार के घर की ओर मिट्टी भरान व सीसी रोड, इसी गांव में हरिलाल के घर से सुभाष के घर की ओर मिट्टी भरान व सीसी मार्ग, डामर रोड से जरीफ अहमद के घर की ओर, डाम रोड से हरेंद्र के घर की ओर मिट्टी भरान, पुलिया और सीसी रोड, इसी गांव में रामशरण के घर की ओर मिट्टी भरान और सीसी रोड को मंजूरी मिली है। ग्राम गोठा के बलुआटोला में सरली देवी के घर से शारदा देवी के घर की ओर मिट्टी भरान व सीसी रोड, ग्राम पंचायत गोठा लौका में आंबेडकर बाल निकेतन स्कूल के पास से डाम की ओर मिट्टी भरान व सीसी रोड को मंजूरी मिली है। ग्राम लौका में राम प्रवेश के घर से से राजकुमार के घर तक मिट्टी भरान व सीसी रोड निर्माण को मंजूरी मिली है। लम्बे समय से कच्ची सड़कों के कारण बरसात में इन गांवों में आवागमन बहुत कठिन होता रहा है। बरसात से पहले मिट्टी भरान व सड़कों का निर्माण होने से यहां रह रहे परिवारों का आवागमन सुलभ हो जाएगा। इन नौ सड़कों के लिए करीब 50 लाख की धनराशि की मंजूरी मिली है।इधर, सितारगंज ब्लॉक के नानकमत्ता क्षेत्र के गोविंदनगर गांव में मेन रोड से श्मशान घाट की ओर सीसी रोड, डामर रोड से नारायण के घर की ओर, डामर रोड से सोनपाल के घर की ओर तीन सड़कों को मंजूरी मिली है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए मंजूरी मिली है। राज्य सरकार प्रत्येक क्षेत्र, सभी ग्रामीण इलाकों को बेहतर सुविधायें देने और उनके विकास के लिए तत्परता से कार्य कर रही है।

## बलुवाकोट में पुलिस ने वारंटी को पकड़ा

पिथौरागढ़। न्यायालय से गैर जमानतीय वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस का अभियान जारी है। बलुवाकोट पुलिस ने एक और वारंटियों को पकड़ा है। एसआई मीनाक्षी देव के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने भादवि की धारा 323, 504, 506 के तहत पंजीकृत वारंटी प्रमोद कुमार सल्यानी निवासी को घाटीबगड़ से गिरफ्तार किया है।

# जीरो टॉलरेंस की सरकार ने पिछले 8 वर्षो से विधानसभा के पटल में नहीं रखी ऑडिट रिपोर्ट: पाण्डे

बागेश्वर। उत्तराखण्ड में कायदे कानूनों की अनदेखी का एक उदाहरण पेश करते हुए रिटायर्ड असिस्टेंट आडिट आफिसर रमेश चंद्र पाण्डे ने खुलासा किया है। पिछले आठ वर्षो से वार्षिक आडिट रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर नहीं रखी गई है। सरकार के जीरो टॉलरेंस के दावों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा आडिट कराने से क्या फायदा। जिसकी आडिट रिपोर्ट विभाग अपने पास दबाए हुए हैं। रमेश चंद्र पाण्डे ने बताया कि 7 जून 2012 को जारी उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम 2012 के नियम 8(3) में निहित प्रावधान के अनुसार निदेशक लेखा की एक संहत लेखा परीक्षा रिपोर्ट तैयार करायेगा। और उसे राज्य विधान सभा के समक्ष रखे जाने के लिए राज्य सरकार को प्रतिवर्ष भेजेगा ।

इस नियम के तहत निदेशालय द्वारा वर्ष 2012–13 एवं 2013–14 के वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन सदन के पटल पर पुटअप की जा चुकी है। लेकिन 2014–15 से अद्यतन अवधि की आडिट रिपोर्ट अभी तक विधानसभा पटल पर नहीं रखी गई। आडिट निदेशालय के अनुसार वर्ष 2014–15 से 2019–20 की आडिट रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखे जाने हेतु आडिट प्रकोष्ठ वित्त विभाग को भेजी गई है।

उन्होंने कहा कि सभी विभागों के आडिट में उजागर हुई अनियमितता एवं गबन से सम्बन्धित आपत्तियों को संकलित कर हर वर्ष की आडिट रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी जाती। तो इसकी समीक्षा होती और इसमें सुधार व नियन्त्रण हेतु ठोस कदम उठाए जाते। लेकिन इन्हें सदन के संज्ञान में ही नही लाये जाने से सरकार के जीरो टॉलरेंस के दावों पर भी सवाल उठ रहे हैं ।

सुझाव दिया कि इस मामले में अपने दायित्वों के निर्वहन में हीलाहवाली करने वालों की जवाबदेही तय करते हुए सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर आडिट रिपोर्ट सदन के पटल पर पुटअप कराना सुनिश्चित करे।

## ललित मोहन सिंह बने पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष

अल्मोड़ा। पूर्व सैनिक लीग की बग्वालीपोखर में हुई बैठक में पूर्व सूबेदार ललित मोहन सिंह नेगी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। भूपाल सिंह भरड़ा उपाध्यक्ष, कै.मोहन सिंह बिष्ट महासचिव, कै. सुरेंद्र सिंह बिष्ट कोषाध्यक्ष और जीवन सिंह परिहार, हरि सिंह भंडारी प्रबंधक, धरम सिंह बिष्ट, दौलत सिंह मेहता, देवेंद्र सिंह, खड़क सिंह, गोपाल सिंह, प्रयाग दत्त आदि पदाधिकारी चुने गए।

कुंवर सिंह नेगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व सैनिक व बीरंगनाए 20 मार्च तक जीवन प्रमाण पत्र बैंक में जमा करा दें। बैठक में बताया गया कि जो पूर्व सैनिक वीर नारियां 79 वर्ष पूर्ण कर चुकी हैं। उन्हें 20% का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

# साइबर ठगी में नाइजीरियन नागरिक गिरफ्तार



रुद्रपुर। कुमाऊंसाइबर पुलिस को साइबर ठगी के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। साइबर पुलिस ने अलग–अलग तरीकों से साइबर ठगी करने वाले नाइजीरिया के एक नागरिक को शनिवार रात दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने रानीखेत के एक बैंक मैनेजर से 1.85 करोड़ की ठगी की थी। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। रविवार को मामले का खुलासा करते हुए कुमाऊंसाइबर क्राइम थाना प्रभारी ललित मोहन जोशी ने बताया कि आठ जनवरी को रानीखेत निवासी बैंक मैनेजर सुरेश आर्या ने साइबर थाने में तहरीर दी थी। उसमें उन्होंने बताया कि 2017 में एक साइबर ठग ने फेसबुक पर उनसे दोस्ती की। इसके बाद उसने उनके बेटे को लंदन की इंटरनेशनल पेट्रोलियम कंपनी में नौकरी दिलाने और सोने का व्यापार कराने की बात कहीं। बातों में आकर वह बेटे को विदेश भेजने के लिए वर्ष 2017 से 2022 तक अलग–अलग ऑनलाइन माध्यम से आरोपी को रुपये भेजते रहे। काफी समय बाद भी जब आरोपी ने उनके बेटे को न तो विदेश भेजा और न ही सोने का व्यापार कराया। इसपर उन्हें ठगी होने का अहसास हुआ, लेकिन तब तक आरोपी उनसे एक करोड़ 85 लाख रुपये ले चुका था। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने साइबर क्राइम की एक टीम को मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए। साइबर क्राइम थाना प्रभारी ललित मोहन जोशी ने बताया कि टीम ने आधुनिक तकनीक का सहारा लेकर मुख्य आरोपी की पहचान की। शानिवार देर रात गोविंदपुरी जिला साउथ ईस्ट दिल्ली स्थित तुगलकाबाद से आरोपी नाइजीरिया के नागरिक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपना नाम ओबे फिलिप चैकयूबी बताया।

साथ ही पुलिस टीम ने आरोपी के कमरे से ठगी में इस्तेमाल मोबाइल, लैपटॉप व ईमेल आईडी बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया।आरोपी ऐसे देता था ठगी को अंजामः साइबर सेल से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी नाइजीरिया का नागरिक युवक–युवतियों के नाम से अलग–अलग फेसबुक अकाउंट बनाता था।

# पीजी कॉलेज अगस्त्यमुनि ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि खेल मैदान में आयोजित ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता पीजी कालेज अगस्त्यमुनि के नाम रही। उन्होंने नई नवेली ट्रॉफी एवं 51 हजार का नगद ईनाम जीता। फाइनल में पीजी कॉलेज ने गढ़तरा की टीम को तीन विकेट से परास्त किया। गढ़तरा को उपविजेता ट्रॉफी के साथ 21 हजार का ईनाम मिला। करीब एक माह तक चली क्रिकेट प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपंन हुई। फाइनल में गढतरा की टीम ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 92 रन बनाये।

जबाब में पीजी कालेज की टीम ने सात विकेट पर सात विकेट पर 96 रन बनाकर प्रतियोगिता जीत ली। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि गौरी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विजय चमोला ने कहा कि खेल में हार जीत से अधिक महत्व प्रतिभाग का होता है। उन्होंने विजयी टीम को बधाई देते हुए उपविजेता टीम को अगली बार बेहतर तैयारी करके विजयी होने की शुभकामनायें दी। विशिष्ट अतिथि रूद्रप्रयाग जिला क्रिकेट एसोसियेशन के अध्यक्ष कमलेश जमलोकी ने कहा कि इस प्रतियोगिता से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का मौका मिला।

कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को क्रिकेट की मुख्य धारा में आकर एसोसियेशन में पंजीकरण कराकर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का आह्वान किया। छात्र महासंघ के अध्यक्ष सन्तोष त्रिवेदी ने आयोजन समिति को ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन कराने के लिए धन्यवाद दिया।आयोजन समिति के अध्यक्ष अंकुश कुमार ने प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में सहयोग के लिए सभी का आभार प्रकट किया। कोषाध्यक्ष सोम भट्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में 64 टीमों ने प्रतिभाग किया। संरक्षक नवीन बिष्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में नाम के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र की टीमों ने ही प्रतिभाग किया। प्रत्येक टीम में उसी गांव के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पाली के पंकज बिष्ट को मैन ऑफ दि सीरीज, पीजी कालेज के तरूण चौहान को सवीत्तम गेंदबाज, गेंठाणा के सूरज मेघवाल को सवीत्तम बेटर, पीजी कालेज के प्रदीप कुमार को सवीत्तम कीपर, त्रिजुगीनारायण के सुधाकर भट्ट एवं गढ़तरा के साहिल को राइजिंग स्टार, नारायण कोटी के प्रमोद बालवान को सवीत्तम क्षेत्ररक्षक एवं परकण्डी की टीम को अनुशासित टीम का पुरस्कार मिला। संचालन सुरेन्द्र राणा ने किया। इस अवसर पर ब्रजेश रावत, विपिन केन्तुरा, सौरव बिष्ट, राजू रावत, महेन्द्र बिष्ट, ओमी, किशन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## टिहरी में 2119 ने दी कनिष्ठ सहायक परीक्षा

नई टिहरी। लोक सेवा आयोग हरिद्वार की आयोजित कनिष्ठ सहायक परीक्षा2022 आज जनपद टिहरी गढ़वाल के सभी 12 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जनपद में परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। इन परीक्षा केंद्रों में कुल 2 हजार 119 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में उपस्थित होकर परीक्षा दी गयी, जबकि 569 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए एक नोडल अधिकारी, एक जोनल मजिस्ट्रेट तथा 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों में सुबह 11 से दोहपर एक बजे तक परीक्षा आयोजित की गई।

## शालिनी का अपने गांव चौधार पहुंचने पर स्वागत

नई टिहरी। गुलमर्ग में आयोजित राष्ट्रीय खेलो इंडिया विंटर गेम्स में जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रतापनगर की मूल निवासी शालिनी राणा ने स्नो शूज प्रतियोगिता मे 3 रजत पदक जीतकर जनपद सहित प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन किया। ब्लाक प्रतापनगर में अपने मूल गांव ग्राम सभा चौधार में पहुंचने पर ब्लाक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला सहित स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। शालिनी राणा के पिता राम सिंह राणा रिटायर्ड सैनिक हैं और माता सरिता राणा हाउस वाइफ हैं। शालिनी वर्तमान में देहरादून के बंबई बाग कारगी चौका गुरुराम राय में 12वीं की छात्रा है। मूल गांव पहुंचने पर शालिनी सहित उनके साथ पहुंचे यमकेश्वर ब्लाक पौड़ी निवासी ऋषभ रावत को स्वागत कर सम्मान किया गया। ऋषभ रावत ने भी अपने क्षेत्र का नाम विंटर गेम में रोशन करते हुए स्नोशूज प्रतियोगिता में तीन पदक जीत हैं। स्वागत व सम्मान करने वालों में शिव सिंह बिष्ट, संजय रावत,शरद सिंह, मुरारी लाल खण्डवाल, त्रिलोक सिंह, राहुल राणा, नीरज रावत ,बिजेंद्र, हुकम सिंह, राजेन्द्र जुयाल, उत्तम राणा, अरविंद नौटियाल, करण सिंह, आशीष आदि शामिल रहे।

# कैच द रेन कैंपेन पर गोष्ठी का आयोजन किया

नई टिहरी। कैच द रेन कैंपेन के तहत राजकीय महाविद्यालय पौखाल में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। वर्ष 2023 में थीम पेयजल के लिए स्रोत स्थिरता एवं पानी की महिलाओं के सशक्तीकरण में अहम भूमिका के तहत जलशक्ति शक्ति अभियान जलशक्ति से नारी शक्ति विषय के रूप में स्वीकार किया गया है। गोष्ठी का अयोजन व संचालन डा केएल गुप्ता ने किया। जिसमें जीडीसी पौखाल के प्राचार्य प्रो एएन सिंह मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में डा गुप्ता ने कैच द रेन अभियान के बारे में व्याख्यान दिया। जिसमें जलवायु परिवर्तन एवं स्थानीय मौसमी अस्थिरता के कारण बढ़ते वैश्विक तापन तथा कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण मार्च माह में भीषण गर्मी की स्थिति बन गई। जिससे पर्वतीय भाग के प्राकृतिक जल स्रोत तेजी से सूखने लगे है। बढ़ती जनसंख्या एवं प्राकृतिक क्षेत्र सामान्य जन जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। इसलिये जल सुरक्षित–जीवन सुरक्षित के प्रति लोगों को आगे आना होगा। सरकारें योजनाएं तो बनाती है, किंतु सफलता जन जागरुकता से ही संभव है। डा गुप्ता ने बताया एक स्वच्छ पर्यावरण, मजबूत खाद्य जाल एवं जैव विविधता सुरक्षित जल से ही संभव है जो टिकाऊविकास के अभिन्न अंग है।

गोष्ठी में छात्र–छात्राओं ने पोस्टर और मॉडल प्रस्तुत किये। जिसमें बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मीनाक्षी रावत को प्रथम स्थान एवं मीनाक्षी राणा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य एएन सिंह ने जल को कैच करने के लिए छात्र–छात्राओं को बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग करने को कहा। बढ़ती नगरीकरण के कारण नग्न भूमि का लगातार घटता क्षेत्रफल से भूमिगत जल में लगातार गिरावट को लेकर केप टाउन दक्षिण अफ्रीका और अरब सागर का उदाहरण देते हुए कहा कि लोग समय रहते जागरूक हों, नहीं तो गंभीर जल संकट सुनिश्चित है । गोष्ठी में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा एसपी भट्ट, डा बीआर भद्री, एनएसएस प्रभारी डा अंधरूति शाह, डा अनुरोध प्रभाकर, मनोज सिंह राणा, रोशन लाल, गंभीर सहित छात्र–छात्रायें मौजूद रही।

## गैस उपभोक्ता ने पांच वर्ष में बदले पाइप

चमोली। इंडेन गैस उपभोक्ताओं को सुरक्षा की दृष्टि से हर पांच वर्ष में होंज पाइप बदल लेना चाहिए। इण्डेन गैस एजेंसी थराली के प्रबन्धक प्रदीप सती ने जानकारी देते हुए कहा कि नियमित रूप में इण्डेन गैस का होंज पाइप बदलना जरूरी होता है। क्योंकि होंज पाइप की लाइफ पांच वर्ष है।

## सेना के जवानों ने पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनी

नई टिहरी। गढ़वाल राइफल के सेंटर लैंसडौन से आए जवानों ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुना। जवानों ने कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। गंभीर समस्याओं का निस्तारण लैंसडौन सेंटर से किये जाने की बात कही। प्रतापनगर के एमडीएस पब्लिक स्कूल लंबगांव में गढ़वाल राइफल सेंटर लैंसडौन की ओर से पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और सैनिकों के आश्रितों की समस्याओं के समाधान हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 21 गढ़वाल राइफल के नायब सूबेदार प्रवीण कुमार तथा नायक प्रमोद सिंह ने लोगों को सेना से संबंधित कई जानकारी दी, शिविर में करीब 45 शिकायतें दर्ज हुईं। सूबेदार प्रवीण कुमार ने बताया कि 32 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि 13 शिकायतों का रेजिमेंट के अभिलेख कार्यालय लैंसडौन से समाधान किया जाऐगा। पूर्व सैनिक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष युद्धवीर राणा ने कहा कि शिविर में आई अधिकांश समस्याओं का समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि दूर दराज क्षेत्रों में समय–समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाना चाहिए, ताकि पूर्व सैनिकों की समस्याओं घर के नजदीक ही समधान हो सके। शिविर में पूर्व सूबेदार भगवान सिंह असवाल ,गंभीर सिंह राणा, चंद्रमोहन पैन्यूली, चतर सिंह बर्त्वाल, चतर सिंह सजवाण, समवीर रमोला, प्रतिमा देवी, प्रेमा देवी, अंबिका सेमवाल, सोबन सिंह, दिनेश पैन्यूली, कल्याण सिंह, भगवान सिंह बर्त्वाल, तोता सिंह, सोबन सिंह, सोहन राणा, कलम सिंह, प्रकाश कलूड़ा, बुद्धि पंवार सहित कई लोग मौजूद थे।

## रावत बने गैरसैंण नगर के अध्यक्ष

चमोली। गैरसैंण। युवा कांग्रेस पार्टी की रविवार को एक स्थानीय होटल में बैठक युवा कर्णप्रयाग विस अध्यक्ष प्रदीप कुंवर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें बूथ स्तर पर युवाओं को जोड़ने और संगठन के विस्तार पर चर्चा की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से पंकज रावत को गैरसैंण नगर एवं सोबन सिंह नेगी को यूथ ब्लॉक अध्यक्ष तथा संजय कोतवाल एवं मोहन सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन भंडारी ने कि यूथ कांग्रेस शीघ्र की बूथ लेवल पर भी अपनी कमेटियां गठित करेगी।

# निर्धन छात्राओं को आर्थिक सहायता मुहैया कराएगा सैनी समाज

विकासनगर। पछुवादून सैनी महासभा की विकासनगर में संपन्न हुई बैठक में सैनी समाज को संगठित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही महासभा ने सैनी समाज से ताल्लुक रखने वाले सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को भी सम्मानित किया।विकासनगर में रविवार को एक निजी आवास पर संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सुरेश सैनी ने कहा कि सैनी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। महाराजा शूर सैनी ने सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कहा महाराजा शूर सैनी पूरे सैनी समाज के लिए सर्वकालिक प्रेरणा स्रोत हैं, उनके आदर्शों पर चलना सैनी समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

कहा कि इसी दायित्व को निभाने लिए समाज की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग की बालिकाओं की पढ़ाई के लिए उन्हें आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। अखिल भारतीय सैनी महासभा के सदस्य अनमोल सैनी ने कहा कि क्षेत्र को नशा मुक्त करने के लिए भी अभियान चलाया जाना जरूरी है। इसके तहत गांवों, कस्बों में कैंप लगाकर नशे गिरफ्त में आ चुके युवाओं की काउंसलिंग कराई जाएगी। इसके साथ ही नशे का करोबार करने वालों को पुलिस के हवाले किया जाएगा। बैठक के समापन पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सेवाराम सैनी को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. रविंद्र सैनी, डॉ. रमेश सैनी, संजय सैनी, रामनाथ सैनी, प्रदीप सैनी, विश्वंबर सैनी आदि मौजूद रहे।

## सीएचसी गैरसैंण में 23 महिलाओं के हुए अल्ट्रासाउंड

चमोली। आखिर लम्बे आंदोलन के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैरसैंण में गर्भवती महिलाओं की अल्ट्रासाउंड प्रारंभ हो गयी है। इसका विधिवत उद्घाटन वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उमा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर 23 महिलाओं की अल्ट्रासाउंड भी की गयी। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एएस रावत ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे, तीसरे व चौथे शनिवार का गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया जायेगा।

## पर्यटकों ने उठाया राफ्टिंग के रोमांच का लुत्फ

ऋषिकेश। मैदानी इलाकों में गर्मी का असर दिखने के बाद बड़ी संख्या में सैलानी रिवर राफ्टिंग के लिए तीर्थनगरी ऋषिकेश का रुख करने लगे हैं। रविवार को शिवपुरी से मुनिकीरेती तक गंगा घाटी में एक के पीछे एक रंग–बिरंगी राफ्टें तैरती नजर आयी। राफ्ट बुकिंग के लिए आफिस के आगे भी पर्यटकों की भीड़ रही। कारोबार में तेजी आने से राफ्ट संचालकों के चेहरे खिल उठे हैं।

पिछले दो महीने से मंदी झेल रहे राफ्टिंग के कारोबार में मार्च के पहले वीकेंड में तेजी रही।

# महिला ने लगाया व्यक्ति पर न्यूड वीडियो–फोटो खींच ब्लैकमेल करने का आरोप

विकासनगर। कोतवाली विकासनगर क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने आरोप लगाया है कि चकराता मूल के जीवनगढ निवासी एक व्यक्ति ने कोल्ड ड्रिंक में उसे नशा देकर उसके साथ अश्लील फोटों व पॉर्न वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी उसका शारिरिक उत्पीडन करने के साथ ही पांच लाख रुपये उससे वसूल कर चुका है जबकि और रुपयों की मांग कर रहा है। अन्यथा उसका फोटो व वीडीओ वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। विकासनगर क्षेत्र की निवासी महिला ने बताया कि आरोपी दिनेश भट्ट निवासी खनाड़ तहसील चकराता हाल निवासी जीवनगढ ने उसे कोल्ड ड्रिंक में उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसे बेहोश कर दिया। जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ पॉर्न वीडियो बनाया। यहीं नहीं, आरोपी ने उसकी न्यूज फोटो भी खींच लिए। जिसके बाद आरोपी फोटो व वीडीओ वायरल करने की धमकी दे रहा है। बताया कि आरोपी उसे ब्लैकमेल कर अब तक पांच लाख रुपये उससे वसूल कर चुका है। जबकि आरोपी अब भी उससे और रुपयों की मांग कर रहा है। कहा कि आरोपी समाज में उसे बदनाम कर उसका घर उजाडने पर उतारु है। जिसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाय। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दिनेश भट्ट के खिलाफब्लैक मेल करने, छेडखानी करने व कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ खिलाने का मुकदमा दर्ज कर दिया है। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने कहा कि मामले की जांच एसआई नीमा रावत को सौंपी गयी है। बताया कि आरोपी के खिलाफ जांच शुरु कर दी है। बताया कि जांच के बाद ही आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## शक्ति केंद्र तलवाड़ी ग्वालदम की बैठक में मंथन

चमोली। भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र तलवाड़ी–ग्वालदम की बैठक पंचायत भवन तलवाड़ी स्टेट में आहुत की गई। बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण का वाचन किया गया। सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा भाजपा की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने तथा 2047 तक एक उत्तम राष्ट्र के निर्माण करने की बात कही।

# योग महोत्सव के पांचवें दिन हुई योग और आयुर्वेद पर चर्चा



ऋषिकेश। अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के पांचवें दिन रविवार सुबह योग साधकों को योगाभ्यास कराया गया। साथ ही योग और आयुर्वेद पर चर्चा हुई। खास बात यह कि महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले देशी–विदेशी साधक नाड़ी परीक्षण में विशेष रुचि दिखा रहे हैं।

मुनिकीरेती स्थित जीएमवीएन के गंगा रिजॉर्ट में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के पांचवें दिन रविवार सुबह बड़ी संख्या में साधक योग पहुंचे। सुबह के सत्र में सभी 6 योग संस्थानों द्वारा योग साधकों को योग अभ्यास कराया गया। इसके बाद द्वितीय सत्र में ब्रह्मकुमारी की ओर से प्रांगण में मौजूद लोगों को शरीर और मन को शांति प्रदान करने हेतु प्रणायाम एवं आसान की विस्तृत जानकारी दी गई। योग महोत्सव में प्रतिदिन आयुर्वेद महाविद्यालय की ओर से नाड़ी परीक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है, नाड़ी परीक्षण में लोग की काफी रुचि दिख रही है।

हास्य योग सत्र के दौरान डॉ. मनोज रांगड़ ने हास्य योग के विभिन्न विषयों की जानकारी दी। चौथे सत्र में आयुर्वेद – जीवन का विज्ञान विषय पर परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में पंचकर्म पर डॉ. जेपी नौटियाल, मर्म चिकित्सा पर प्रोफेसर सुनील जोशी, गर्भाधान संस्कार पर डॉ. संजीवन देवधर एवं आयुर्वेद विषय पर प्रो. एचएम चंदोला ने विशेषज्ञ राय रखी। कार्यक्रम के अगले सत्र में ईशा फाउंडेशन के सिद्धार्थ भान द्वारा जीवन में तनाव दूर करने के लिए योग एवं प्राणायाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान संकीर्तन का आयोजन भी किया गया।

## गुमानीवाला में हुई दो चोरियों का पुलिस ने किया खुलासा, दो युवक गिरफ्तार



ऋषिकेश। गुमानीवाला ग्रामसभा में दो घरों में चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तलाशी में सोने के गहने बरामद किए हैं। पेशी के बाद कोर्ट ने आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक 28 दिसंबर को गुमानीवाला स्थित कपूर फार्म निवासी राकेश सिंह ने घर से जेवर और नगदी चोरी की शिकायत दी थी। पांच जनवरी को इसी गांव में चोपड़ा फार्म में रहने वाले आशीष जखमोला ने बहन नीलम के घर में चोरी की तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों की तलाश में जुटी थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने श्यामपुर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में उन्होंने राकेश सिंह और नीलम के घर चोरी करना कबूल किया। निशानदेही पर सोने के 12 कड़े, एक मंगल सूत्र, सोने का छल्ला और आधार कार्ड बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों की पहचान विनीत पुत्र बाबूराम शर्मा निवासी वैदिकनगर, रायवाला और रोहन पुत्र लक्ष्मण थापा निवासी मुर्गी फार्म, रायवाला के रूप में हुई।

# चारधाम यात्रा में ट्रिप कार्ड की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग



ऋषिकेश। गढ़वाल मंडल टैक्सी चालक एवं मालिक एसोसिएशन ने चारधाम यात्रा में ट्रिप कार्ड की अनिवार्यता पर टैक्सी संचालकों ने आपत्ति जताते हुए इस व्यवस्था को समाप्त करने की मांग सरकार से उठाई है। रविवार को हरिद्वार रोड स्थित गढ़वाल मंडल टैक्सी चालक एवं मालिक एसोसिएशन कार्यालय में चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में एसोसिएशन अध्यक्ष विजयपाल सिंह रावत ने कहा कि वाहनों के ग्रीन कार्ड एवं यात्रियों के रजिस्ट्रेशन के पश्चात ट्रिप कार्ड की अनिवार्यता का कोई औचित्य नहीं है। चारधाम यात्रा के दौरान पहाड़ में नेटवर्क की समस्या के चलते यात्रियों एवं वाहन संचालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके चलते चेक पोस्टों पर वाहनों की लंबी कतारें जाम का सबब बनती हैं।

एसोसिएशन सदस्यों ने परिवहन विभाग से अन्य प्रांतों के वाहनों के ऋषिकेश से अवैध संचालन पर रोक लगाने, निजी वाहनों से व्यावसायिक यात्रा पर रोक लगाने, चार धाम यात्रा में ट्रिप कार्ड की अनिवार्यता समाप्त करने आदि मांगें उठाईं। मौके पर सचिव विजेंद्र कंडारी, सह सचिव रमेश रावत, कोषाध्यक्ष उमेश चौहान, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र कुमार मिश्रा, छोटेलाल दीक्षित, भीम सिंह रावत, विशाल सिंह नेगी, ज्ञानी राम शर्मा, अनिल कुकरेजा, देशराज, श्रीकांत शर्मा, अमरदेव रयाल, भोला राजभर, दीवान सिंह नेगी, धर्म दत्त दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## डीजी हेल्थ ने एसोसिएशन को दी मान्यता

देहरादून। उत्तरांचल मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्टीरियल एसोसिएशन को स्वास्थ्य महानिदेशक ने स्वास्थ्य विभाग के एकमात्र मिनिस्टीरियल संवर्गीय कर्मचारी संगठन के रूप में मान्यता दी। स्वास्थ्य विभाग में मिनिस्टीरियल संवर्ग के एकीकरण के बाद ये कार्रवाई की गई। अभी तक स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशालय मिनिस्टीरियल संवर्ग और अधीनस्थ मिनिस्टीरियल संवर्ग के रूप में दो संवर्ग थे। इन दोनों संवर्ग का अब एकीकरण कर दिया गया है। एकीकरण के बाद स्वास्थ्य महानिदेशक स्तर एसोसिएशन को मान्यता दी गई। मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक राज उनियाल ने मान्यता देने पर शासन, महानिदेशालय का आभार जताया है। कहा कि संगठन के स्तर से कर्मचारियों के हितों की लड़ाई को जारी रखा जाएगा।

# कांग्रेस का घेराव कार्यक्रम जनभावना व गैरसैंण विरोधी:चौहान

देहरादून। भाजपा ने कांग्रेस के 13 मार्च को गैरसैंण में शुरू हो रहे बजट सत्र के दिन कांग्रेस के घेराव कार्यक्रम को औचित्यहीन ठहराया है। कहा कि यह जनभावना व गैरसैंण विरोधी भी है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में चौहान ने कहा कि सवाल खड़ा करते हुए कहा कि कांग्रेस अंकिता हत्याकांड, भर्ती प्रक्रिया एवं अडाणी प्रकरण के नाम पर राजनैतिक घेराव का ऐलान किया है जबकि इन तमाम विषयों पर धामी सरकार के प्रयास से न्यायालय और जनता दोनों ही पहले अपनी मुहर लगा चुके हैं। लिहाजा अब प्रदर्शन व घेराव का कोई औचित्य नहीं बनता। चौहान ने कहा कि दिशाहीन और मुद्दाविहीन कांग्रेस का विधानसभा घेराव, हारी हुई लड़ाई लड़ने जैसा है, क्योंकि अंकिता प्रकरण और भर्ती प्रक्रिया में अब तक की जांच पर हाईकोर्ट ने भी संतुष्टि जताई है और इन मामलों को सीबीआई के सुपुर्द करने से इनकार किया है। वहीं, मुख्यमंत्री धामी के निर्देशों के बाद हाईकोर्ट के जज की निगरानी में भर्ती प्रकरणों की एसआईटी जांच हो रही है। उन्होंने कहा कि जहां तक बात रही अडाणी मुद्दे की तो, पहली बात सभी जानते हैं बाजार के उतारचढ़ाव का सरकारों से कोई संबंध नहीं होता है। वहीं, दूसरी और सुप्रीम कोर्ट ने टाप बैंकर, सेबी एक्सपर्टों की कमेटी बनाकर दो महीने में इस पूरे प्रकरण की जांचकर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। चौहान ने कटाक्ष किया कि जब कांग्रेस के उठाए जा रहे आरोपों की हवा निकल चुकी है तो वे बजट सत्र के पहले दिन किस मकसद से हंगामा करना चाहते हैं।

# कांग्रेस ने निकाली हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

ऋषिकेश। ऋषिकेश महानगर कांग्रेस कमेटी ने हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा अभियान के तहत बाजार का भ्रमण किया। कांग्रेसियों ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के संदेश पत्र लोगों के बीच वितरित किए और कांग्रेस की नीतियां बताई। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चंद्रेश्वरनगर बाजार में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा अभियान चलाया। एआईसीसी सदस्य जयेंद्र रमोला और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शैलेन्द्र बिष्ट ने कहा कि पूरे देश में एकजुटता के लिए राहुल गांधी के आह्वान पर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा शुरू हुई है।

इसमें देश को एकजुट करने और सभी धर्मों–जाति को मिलकर चलने का संदेश देने के साथ ही कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाया जा रहा है। सत्तारूढ़ पार्टी ने पूरे देश को जाति और धर्म के नाम पर बांटने का काम किया है, उसको इस यात्रा के माध्यम से खत्म करने का काम किया जा रहा है ।महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि भाजपा ने देश में नफरत और लोगों को बांटने का काम किया है, यात्रा के जरिए उन्हें जोड़ने का काम किया जा रह है। मौके पर प्रदेश सचिव मदन मोहन शर्मा, महंत विनय सारस्वत, श्यामपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजय पाल रावत, सावित्री देवी, सुनील सिंधी, अंबिका देवी, राजकुमारी, भगवती, शांति, अनीता, राकेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कुत्ते का पीछे करते हुये गुलदार हुआ बाथरूम में बंद

नई टिहरी। घनसाली के पास थापला गांव में शनिवार देर रात को कुत्ते का पीछे करते हुये, गुलदार एक घर के बाथरूम में बंद हो गया। वन विभाग की टीम ने रविवार को कड़ी मशक्कत के बाद गुलदार का रेस्क्यू किया, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बीते शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे एक कुत्ते का पीछे करते हुये गुलदार थापला गांव निवासी शेर सिंह बिष्ट के बाथरूम के अंदर जा घुसा।

# एनएसयूआई का भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन



ऋषिकेश। विधानसभा भर्ती घोटाले और पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई ने एक बार फिर प्रदेश सरकार पर हल्ला बोला है। रविवार को दून तिराहे पर सांकेतिक जाम लगाकर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि भर्ती घोटाले और पेपर लीक मामले की जांच में लीपापोती की गई, जिससे मुख्य दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विकास नेगी के नेतृत्व में एनएसयूआई और युवा कांग्रेस कार्यकर्ता दून तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां विधानसभा भर्ती घोटाले और पेपर लीक को मुद्दा बनाते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने घोटाले और भ्रष्टाचार के मुख्य आरोपियों को बचाने का कार्य किया है। लिहाजा उक्त मामलों की जांच सीबीआई से करायी जाए, ताकि मुख्य दोषी पर कड़ी कार्रवाई हो सके। प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में कहा कि मामले में जल्द कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान भाजपा सरकार का पुतला भी फूंका गया।

## आईएनएस त्रिकांड ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास कटलास एक्सप्रेस 23 में भाग लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी** । आईएनएस त्रिकंद 26 फरवरी से 16 मार्च तक खाड़ी क्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यासध्कटलेस एक्सप्रेस 2023 (आईएमएक्सध्सीई-23) में भाग ले रहा है। इसका उद्देश्य समुद्री सुरक्षा को बढ़ाना और क्षेत्र में समुद्री लेन को समुद्री वाणिज्य के लिए सुरक्षित रखना है। आईएमएक्सध्सीई-23 दुनिया के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यासों में से एक है। जबकि यह भारतीय नौसेना की पहली आईएमएक्स भागीदारी है, यह दूसरे अवसर को भी चिन्हित करता है जहां सीएमएफ द्वारा आयोजित अभ्यास में एक भारतीय नौसेना जहाज भाग ले रहा है। इससे पहले, 22 नवंबर को आईएनएस त्रिकांड ने सीएमएफ के नेतृत्व वाले अपरेशन सी सोर्ड 2 में भाग लिया था। सी स्वर्ड 2 और आईएमएक्सध्सीई-23 जैसे अभ्यासों में भागीदारी भारतीय नौसेना को आईओआर में समुद्री भागीदारों के साथ संबंधों को मजबूत करने और अंतर-संचालनीयता और सामूहिक समुद्री क्षमता बढ़ाने में सक्षम बनाती है। यह नौसेना को क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा में रचनात्मक योगदान करने में भी सक्षम बनाता है।

## भारत में अवैध रूप से रहने वाले म्यांमा के नागरिक को तीन साल की कैद

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी** । उत्तर प्रदेश के शामली जिले की एक अदालत ने अवैध रूप से भारत में रहने के दोषी म्यांमा के एक नागरिक को तीन साल की कैद की सजा सुनाई है। सहायक अभियोजन अधिकारी आनंद भास्कर ने बताया कि म्यांमा के नागरिक अब्दुल मजीद को साल 2019 में शामली जिले के थाना भवन क्षेत्र में वीजा और पासपोर्ट के बगैर रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। और उसके कब्जे से फर्जी दस्तावेज की बरामद हुए थे। वह इसके बाद से ही जेल में था।

अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विजय वर्मा ने शनिवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मजीद को दोषी ठहराते हुए 3 साल की कैद और 23 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

## होली में खलल डालेगा मौसम, 10 राज्यों में बारिश का अलर्ट, हिमाचल-जम्मू में बर्फबारी

**नई दिल्ली एजेंसी,** । होली से पहले एक बार उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। एकदम से गर्मी की शुरुआत के बाद अब फिर से भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कई राज्यों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। आईएमडी ने 10 राज्यों में बारिश का अनुमान जताया है। खासकर पांच राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है।

पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू कश्मीर में बर्फबारी जारी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली और एनसीआर में भी मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। साथ ही यह भी बताया है कि जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, अंडमान-निकोबार, सिक्किम और मेघालय में छिटपुट बारिश जारी रह सकती है। पिछले कुछ दिनों से यहां बारिश हो रही है।

आईएमडी का कहना है कि हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी रह सकती है। यहां अगले कुछ दिन तापमान बढने की संभावना कम है।

# बिहारियों पर हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे, एक की गलती का दोष पूरे राज्य को नहीं:तेजस्वी

**पटना, एजेंसी**। तमिलनाडु में बिहारी कामगारों पर कथित तौर पर हमले की खबर के संदर्भ में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि बिहार के प्रवासी मजदूरों पर हमले कतई बर्दाशत नहीं किए जाएंगे।



इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी एक आदमी ने गलती की है, तो फिर पूरा राज्य उसके लिए कैसे दोषी हो गया?

उन्होंने कहा कि हमने तमिलनाडु के डीजीपी के बयान पर इस बारे में सदन में अपनी बात कही है। अगर किसी तरह की कोई घटना की बात सामने आती है, तो वहां की सरकार इस पर सख्त एक्शन ले।

छोटे आकार के विशेष एंटीना करेंगे आतंकी गतिविधियों की निगरानी, डीआरडीओ के साथ मिलकर आइआइटी पटना ने बनाए

राजधानी स्थित ज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौटने के क्रम में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बात कही।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों के साथ क्या हुआ, इसका पूरा ब्यौरा लिए जाने को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर वहां बिहार के अधिकारियों की टीम भेजी गई है।

अगर किसी तरह की घटना की बात सामने आती है, तो सरकार को यह बर्दाश्त नहीं होगा। इस मसले पर हम पूरी तरह से गंभीर हैं।

यह बात भी सामने आई है कि तमिलनाडु के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को फोन कर यह बताया है कि तमिलनाडु में बिहारी कामगारों पर किसी तरह की घटना नहीं हुई है।

हम इस बात पर नहीं जा रहे कि कौन क्या बोल रहा है। सच्चाई का पता करने के लिए वहां टीम भेजी गई है। सच्चाई सामने आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जो मजदूर वहां डरे हुए हैं, उनकी मदद के लिए तमिलनाडु के संबंधित जिले के डीएम ने नंबर जारी किया है। वहां से उन्हें मदद मिलेगी।

तेजस्वी ने कहा कि अगर कोई घृणा फैलाने और समाज को बांटने का काम करेगा तो वह गलत है। दोष हम सभी का है। कोई भी कहीं आ-जा सकता है।

यहां के लोगों को वहां जाना चाहिए। वहां के लोग भी यहां आ सकते हैं। तमिलनाडु पुलिस का मानना है कि वहां बिहारी कामगारों पर हमले की कोई घटना नहीं हुई।यह भी देखा जा रहा कि कोई प्राथमिकी दर्ज हुई है या नहीं। केंद्र सरकार के इस मसले में हस्तक्षेप के बारे में पूछे जाने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दो राज्यों के बीच का मामला है। केंद्र सरकार इसमें कहां है?

## महिलाओं की आजादी पर प्रहार, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विमेंस मार्च की परमिशन नहीं

**लाहौर , एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार अब महिलाओं से भी डरने लगी है। 8 मार्च को दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाएगा। लेकिन पाकिस्तान ने कट्टर इस्लामिक कायदे-कानूनों के कारण लाहौर में महिलाओं को श्विमेंस डे मार्चश निकालने की परमिशन नहीं दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के अधिकारों पर ध्यान देने के लिए साल 2018 से पूरे पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में मार्च आयोजित किए जाते रहे हैं। लाहौर शहर के अधिकारियों ने रैली पर लगाने के निर्णय के पीटे कारणों के रूप में रैली में महिलाओं द्वारा आमतौर पर प्रदर्शित किए जाने वाले श्विवादास्पद कार्ड और पोस्टर और सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया है।

मालूम हो कि इस्लामिक मूल्यों के संरक्षण के लिए आह्वान करने के लिए आमतौर पर धार्मिक समूहों द्वारा श्हया (लज्जा) रैली का आयोजन कर श्औरत मार्च का विरोध किया जाता है। महिला दिवस के दौरान रैली आयोजित करने वाली आयोजकों में से एक हिबा अकबर कहती हैं यह हमारे अधिकारों का उल्लंघन है। यह दोनों समूहों के लिए विधानसभा की स्वतंत्रता के अधिकार का प्रबंधन करने की राज्य की क्षमता पर सवाल उठाता है।औरत मार्च पर प्रतिबंध के बावजूद लाहौर के अधिकारियों ने इस साल के हया मार्च को आयोजित करने की अनुमति दी है। औरत मार्च के आयोजकों और इनमें भाग लेने वाली महिलाओं पर पश्चिमी, उदार मूल्यों को बढ़ावा देने और धार्मिक और सांसतिक संवेदनाओं का अनादर करने का आरोप लगाया गया है।

## कुछ शर्तों के साथ ईरान व आईएईए सहयोग को सहमत

**तेहरान एजेंसी।** ईरानी परमाणु प्रमुख ने कहा है कि तेहरान और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) सुरक्षा उपायों के समझौतों के आधार पर अपने संबंधों को विनियमित करने पर सहमत हुए हैं। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लामी ने शनिवार को तेहरान में आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रसी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

इस्लामी ने कहा कि दोनों पक्षों के संबंधों को सुरक्षा उपायों पर आधारित करने से आईएईए को ईरान की परमाणु गतिविधियों के बारे में आश्वस्त होने और किसी भी विसंगति को रोकने में मदद मिलेगी।

आईएईए के अध्यक्ष ने कहा कि संचार विश्वास बनाने के तरीके में होना चाहिए, दोनों पक्षों को जोडने से इसे बाहरी हस्तक्षेप से बचाना चाहिए ताकि उनके मुद्दों को हल करने के लिए सहयोग भरोसेमंद तरीके से जारी रहे।

उन्होंने कहा कि एईओआई और एजेंसी इस बात पर सहमत हुए हैं कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम और देश के वैज्ञानिकों की क्षमताओं के बारे में बेहतर जानने के लिए एजेंसी को 30वें ईरानी परमाणु सम्मेलन में भाग लेना चाहिए।आईएईए के निदेश-ाक मंडल की अगली बैठक में ईरान विरोधी प्रस्ताव जारी करने की संभावना पर, इस्लामी ने कहा कि अगर ऐसा होता है, तो ईरानी अधिकारी निश्चित रूप से उसके अनुसार निर्णय लेंगे और एईओआई उनके आधार पर कार्य करेगा।ग्रसी ने कहा कि आईएईए ईरान के साथ सहयोग जारी रखने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि एजेंसी और तेहरान के बीच सहयोग की उम्मीद है।

## पााकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान मुश्किल में, गिरफ्तार करने घर पहुंची पुलिस

**इस्लामाबाद एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के चेयरमैन इमरान खान को तोशखाना मामले में गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। इस्लामाबाद पुलिस पूर्व पीएम के गिरफ्तारी वारंट के साथ उनके घर पहुंच गई है। इमरान लाहौर में जमान पार्क नामक आवास में रहते हैं। स्थानीय मीडिया ने ये जानकारी दी। 28 फरवरी को संघीय राजधानी में एक जिला और सत्र अदालत द्वारा खान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

सूत्रों ने कहा कि सभी कानूनी आवश्यकताएं पूरी होने के बाद खान को गिरफ्तार किया जाएगा। इस बीच, पीटीआई नेता फवाद चौधरी ने कहा कि खान को गिरफ्तार करने का कोई भी प्रयास स्थिति को गंभीर रूप से खराब कर देगा।

## सिर्फ कागजों में हटा अनुच्छेद- 370, कश्मीरी पंडितों की हत्या का भाजपा के पास जवाब नहीं: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कश्मीरी पंडितों के मुद्दे पर भाजपा पर हमला बोला है। राउत ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने वाले अनुच्टेद 370 को निरस्त करना केवल कागजों पर था और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए किया गया था।



पार्टी के मुखपत्र श्सामनाश के श्रोकटोकश कलम में राउत ने कहा कि इस कदम के बावजूद कश्मीरी पंडितों को उनके अधिकार नहीं मिले और भाजपा नेताओं के पास उनकी परेशानियों का कोई जवाब नहीं है।

उन्होंने कहा, हाल ही में पुलवामा में आतंकवादियों ने एक कश्मीरी पंडित की हत्या कर दी थी, लेकिन भाजपा ने कथित शराब घोटाले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करके समुदाय के दुख पर पानी फेर दिया (हत्या से ध्यान भटकाया गया)।

राउत ने कहा, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था और रहेगा। उन्होंने कहा कि अनुच्टेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को केवल कागजों पर खत्म किया गया है और भाजपा के राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए ऐसा किया गया है।

राउत ने अपने कलम में कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के तहत उत्तरी केंद्र शासित प्रदेश की अपनी हालिया यात्रा के दौरान उन्होंने कश्मीरी पंडितों से मुलाकात की और समुदाय के लोगों ने उन्हें घाटी में जबरन स्थानांतरित किए जाने के बारे में बताया, सरकार उनकी सुरक्षा की गारंटी देने के लिए तैयार नहीं थी।

उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा कथित लव जिहाद और अन्य मुद्दों के खिलाफ हाल ही में मुंबई में आयोजित शहिंदू आक्रोश मोर्चाश कश्मीरी पंडितों की हत्या के विरोध में जम्मू-कश्मीर में आयोजित किया जाना चाहिए।

उन्होंने पंजाब में खालिस्तान समर्थक तत्वों के फिर से उभरने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि यह आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है जिसे वहां की राज्य सरकार के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता।

## देश में कोविड के 324 नए मामले आए सामने

**नई दिल्ली,एजेंसी** । भारत में कोविड-19 के 324 नये मामले सामने आए, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 2,791 हो गयीक़ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, मृतकों की संख्या 5,30,775 पर स्थिर है.

संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,46,87,820 हो गयी है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसा-इट के अनुसार, कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 9880 प्रतिशत दर्ज की गयी. इस बीमारी से उबर चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,41,54,254 दर्ज की गयी, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गयी. आंकड़ों के अनुसार, देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत 22064 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं.

### कांग्रेस पर बरसे मूसेवाला के पिता

## कहा- संसद में एक शब्द भी नहीं बोला, उन्हीं की टिकट पर बेटा लड़ा था चुनाव

मानसा (पंजाब) । सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने कांग्रेस के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश की संसद में जब शोर हो सकता है तो यहां क्यों नहीं? कांग्रेस ने संसद में उनके लिए कुछ नहीं कहा और मौके पर भी उनके साथ कोई नहीं खड़ा हुआ। रविवार को सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह और माता चरण कौर गांव मूसा में पहुंचे।



प्रशंसकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के टिकट पर सिद्धू ने चुनाव लड़ा उस पार्टी ने भी न पंजाब विधानसभा और न ही संसद में कोई शब्द नहीं बोला। सऊदी अरब जैसे कानून हमारे देश में लागू होने चाहिए। विगत सरकारों के समय पंजाब का माहौल ठीक था लेकिन मौजूदा सरकार के समय में कानून व्यवस्था खराब हो चुकी है। राज्यपाल शासन लगे या न लगे लेकिन प्रदेश के लोगों को ऐसे माहौल से राहत मिलनी चाहिए।

सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता को ई-मेल से धमकी मिलने के बाद सदर मानसा पुलिस ने एक नाबालिग पर केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि मानसा पुलिस उसे राजस्थान के जोधपुर से लेकर आएगी। वहीं मानसा पुलिस इस मामले को पूरी तरह से गोपनीय रखे हैं।

पंजाबी गायक गुरदास मान रविवार को सिद्धू मूसेवाला के घर पहुंचे। उन्होंने न सिर्फ वहां लगे सिद्धू के फोटो को चूमा बल्कि उन्हें सैल्यूट भी किया। उन्होंने सिद्धू के परिवार के साथ जमीन पर बैठकर खाना भी खाया। गुरदास मान ने बलकौर सिंह और माता चरण कौर के साथ दुख साझा किया। मान ने कहा कि सिद्धू ने मुलाकात के दौरान घर आने और खाना खाने का निमंत्रण दिया था। इस वादे को निभाने के लिए वहां उनके घर पहुंचे हैं। इसके बाद वह सिद्धू की समाधि को भी देखने पहुंचे।

## मार्च अंत तक संचालन के लिए तैयार हो जाएगा गुजरात में हीरासर हवाई अड्डा

**राजकोट,एजेंसी** । गुजरात के राजकोट जिले में हीरासर स्थित हवाई अड्डा इस महीने के अंत तक संचालन के लिए तैयार हो जाएगा और इसका रनवे राज्य में सबसे लंबा होगा. यह जानकारी एक अधिकारी ने दी. अधिकारी ने कहा कि राजकोट शहर के बाहरी इलाके स्थित हवाई अड्डे पर विभिन्न परीक्षण शनिवार को शुरू हुए. जिलाधिकारी अरुण महेश बाबू ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हवाई अड्डे के पास 3.5 किलोमीटर लंबा रनवे है, जो गुजरात में सबसे लंबा है. उन्होंने कहा कि रनवे के नीचे 700 मीटर लंबी पानी की सुरंग भी है, जो एशिया में सबसे लंबी है.

बाबू ने कहा, यह राजकोट के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि यह पूरे सौराष्ट्र क्षेत्र के लिए मुख्य हवाई अड्डा होगा. यह गुजरात के सबसे बड़े हवाई अड्डे के रूप में भी उभर सकता है. हवाई अड्डे के लिए इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग का परीक्षण आज से शुरू हुआ।

## अमेरिकन एयरलाइन में व्यक्ति ने नशे की हालत में सह-यात्री पर पेशाब किया

**नई दिल्ली,एजेंसी** । न्यूयर्क से नयी दिल्ली आ रहे अमेरिकन एअरलाइंस के विमान में एक यात्री ने नशे की हालत में एक पुरुष सह-यात्री पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया. सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी. यह घटना उड़ान संख्या एए292 में हुई जिसने शुक्रवार को रात नौ बजकर 16 मिनट पर न्यूयर्क से उड़ान भरी थी और शनिवार रात 10 बजकर 12 मिनट पर यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उतरी.

हवाई अड्डे पर एक सूत्र ने कहा कि आरोपी एक अमेरिकी विश्वविद्यालय का छात्र है. वह नशे की हालत में था और उसने नींद में कपड़ों में ही पेशाब कर दिया जिससे बगल में बैठा हुआ यात्री भी गीला हो गया. इसके बाद यात्री ने चालक दल से शिकायत की. उन्होंने बताया कि पीडिघ्त यात्री पुलिस से इस मामले की शिकायत नहीं करना चाहता था क्योंकि आरोपी छात्र ने माफी मांग ली थी तथा शिकायत करने से उसका करियर खतरे में पड़ सकता था. बहरहाल, एअरलाइन ने इसे गंभीरता से लिया और इस मामले की सूचना आईजीआई (इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय) हवाई अड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को दी.

चालक दल को घटना के बारे में पता चलने के बाद उन्होंने पायलट को इसकी सूचना दी जिसने एटीसी को मामले की जानकारी दी. एटीसी ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मियों को इसकी सूचना दी जिसने आरोपी यात्री को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया. हवाई अड्डे पर एक अन्य सूत्र ने कहा कि घटना का पता चलने के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के साथ एअरलाइन का खुद का सुरक्षा दल हरकत में आया. विमान से उतरने के बाद आरोपी को फौरन हिरासत में ले लिया गया. पुलिस संबंधित लोगों के बयान दर्ज कर रही है.

नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार, अगर कोई यात्री अनुचित व्यवहार का दोषी पाया जाता है तो उसे किसी खास अवधि तक उड़ान भरने से प्रतिबंधित किया जा सकता हैपिछले कुछ महीनों में नशे की हालत में किसी यात्री के सह-यात्री पर पेशाब करने की यह दूसरी घटना हैएअर इंडिया की 26 नवंबर को न्यूयर्क-दिल्ली उड़ान में भी ऐसी ही घटना हुई थी जिसमें शंकर मिश्रा नामक यात्री ने नशे की हालत में एक बुजुर्ग महिला पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया था. यह घटना मीडिया में एक खबर के जरिए करीब एक महीने बाद सामने आयी थी जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गयी और मिश्रा को गिरफ्तार किया गया. उसे करीब एक महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया. नागर विमानन महानिदेशालय ने नियम के अनुसार, इस घटना की 12 घंटे के भीतर सूचना न देने के लिए एअर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था. दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है जबकि मिश्रा को चार महीने के लिए उड़ान भरने से प्रतिबंधित किया जा चुका है.

## राजस्व प्राप्तियों के साथ-साथ व्यय की दैनिक निगरानी शुरू

**नयी दिल्ली,एजेंसी** । वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे को काबू में रखने के उद्देश्य से एक मार्च से कर संग्रह सहित राजस्व प्राप्तियों के साथ-साथ व्यय की दैनिक निगरानी शुरू कर दी है।हालांकि सरकार को संशोधित कर राजस्व अनुमानों को पूरा करने की उम्मीद है, लेकिन विनिवेश प्राप्तियों से 50,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य को हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।अधिकारियों का कहना है कि कर और गैर-कर राजस्व संग्रह की दैनिक निगरानी से जरूरत पडने पर समय पर सही कदम उठाने में मदद मिलेगी।वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले लेखा महानियंत्रक ने एक मार्च की तारीख वाले एक परिपत्र में कहा, मार्च, 2023 में केंद्र सरकार की प्राप्तियों, व्यय और इनसे संबंधित राजकोषीय स्थिति पर करीब से नजर रखने के लिए, दैनिक आधार पर अद्यतन जानकारी होना आवश्यक है।मंत्रालय ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड से भी आंकड़े देने को कहा है।

## ई-अभियोजन पोर्टल के मामले में उत्तर प्रदेश फिर अव्वल

**नईदिल्ली,एजेंसी** । उत्तर प्रदेश लगातार दूसरे साल ई-अभियोजन पोर्टल के माध्यम से सबसे अधिक संख्या में प्रकरणों को दर्ज करने और उनके निस्तारण के मामले शीर्ष पर रहा। अधिकारिक जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में सजा देने की दर को लेकर अग्रणी राज्य बना है।

अपर पुलिस महानिदेशक (अभियोजन) आशुतोष पाण्डेय ने रविवार को बताया कि ई-अभियोजन पोर्टल के जरिये सबसे ज्यादा संख्या में मामले दर्ज करने और उनके निस्तारण में उत्तर प्रदेश वर्ष 2021 के बाद 2022 में भी शीर्ष पर रहा।

अधिकारी ने कहा, हमें 2022 के लिए हाल में जो ट्रफी मिली है, उसे जिलों में भी भेजा जाएगा ताकि हमारे अभियोजकों और पुलिस अधिकारियों के अंदर मामलों में सजा सुनिश्चित करने में उनकी कड़ी मेहनत को लेकर गर्व की भावना पैदा हो सके। उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया मिशन के तहत केंद्र द्वारा प्रबंधित यह पोर्टल इंटर-अपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) के तहत पुलिस विभाग और अभियोजन निदेशालय के बीच संवाद सुनिश्चित करता है।

उन्होंने बताया कि यह पोर्टल अदालतों, पुलिस, कारागारों और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के बीच जानकारी का आदान-प्रदान करता है। इसका उद्देश्य पीडिघ्तों और उनके परिवारों को समय पर न्याय प्रदान करना है।

पाण्डेय ने बताया कि फरवरी तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में पोर्टल पर 1,11,86,030 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके बाद मध्य प्रदेश में 29,31,335, बिहार में 11,89,288, गुजरात में 5,16,310 और छत्तीसगढ़ में 4,71,265 मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 2021 में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों में सजा की दर राष्ट्रीय औसत 26.5 प्रतिशत के मुकाबले 59.1 प्रतिशत थी। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आपराधिक मामलों में सजा सुनिश्चित करने में भी उत्तर प्रदेश ने लगातार सुधार किया है।बलात्कार के मामलों में, 2020 में 177 की तुलना में 2022 में 671 मामलों में सजा हुई। इसी तरह, पक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में जहां वर्ष 2020 में 535 प्रकरणों में सजा दिलाई गई वहीं 2022 में यह आंकड़ा बढ़कर 2,313 हो गया है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में दहेज हत्या, अपहरण और यौन उत्पीडन के मामलों में सजा दिलाने की दर क्रमशरू 220 प्रतिशत, 475 प्रतिशत और 2,075 प्रतिशत बढ़ी है।

## सम्पादकीय

# भूकंप कंपन की दहशत

उत्तराखंड में बार-बार आ रहे भूकंप भविष्य की चेतावनी है। वैसे भी भूगर्भीय वैज्ञानिकों द्वारा उत्तराखंड को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है और संभावना व्यक्त की गई है कि आने वाले दिनों में उत्तराखंड में बड़े भूचाल आ सकते हैं। इन भविष्यवाणियों के बाद जिस प्रकार से कंपैक्ट स्केल की भूकंप आ रहे हैं उससे लोग दहशत में है। राज्य सरकार भी आपदा तंत्र को और मजबूत बनाने की ओर अग्रसर है जिसमें खासतौर से भूकंप जैसी परिस्थितियों के बाद किए जाने वाले राहत कार्यों का खाका तैयार किया जाएगा ताकि कम से कम हानि हो और लोगों की जान बचाई जा सके। पिछले कुछ समय में विश्व भर में बड़े भूकंप भारी तबाही मचा चुके हैं। लगभग एक महीने पहले तुर्की और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप में करीब 52,000 लोग मारे गए। सिर्फ तुर्की में ही भूकंप ने करीब 45,000 लोगों की जान ली है। भविष्य में भी निश्चित तौर पर ऐसे भूकंप आते रहेंगे लेकिन जरूरी यह हो गया है कि ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां एवं जागरूकता को विकसित करना बेहद जरूरी है। तुर्की और सीरिया में आया भूकंप पूरे विश्व के लिए एक संदेश है ताकि आने वाले समय में भूकंप एवं दूसरी प्रातिक एवं भौगोलिक आपदाओं के प्रति सतर्क रहा जा सके। बड़े भूकंप की त्रासदी आने वाले कई कई वर्षों तक अपने निशान छोड़े रखती है और देश के देश नष्ट हो जाते हैं जिन्हें फिर से खुद को स्थापित करने में लंबा समय लग जाता है। भूकंप को साधारण परिभाषा के तौर पर समझे तो पृथ्वी की चट्टानों के माध्यम से भूकंपीय तरंगों के पारित होने के कारण जमीन का अचानक हिलना ही भूकंप है। भूकंपीय तरंगें तब पैदा होती हैं, जब पृथ्वी के भीतरी केंद्र में संग्रहित ऊर्जा को अचानक छोड़ दिया जाता है। रिक्टर स्केल पर 1.0 से 2.9 तीव्रता के लगभग 1,00,000 छोटे भूकंप प्रतिवर्ष आते हैं, जिन्हें स्थानीय उपकरणों से मापा तो जा सकता है, पर उन्हें अनुभव नहीं किया जा सकता। रिक्टररिक्टर स्केल पर 5.0 से 5.9 भूकंपों की वार्षिक संख्या 200 से 2,000 है, जिनसे कुछ नुकसान हो सकता है। रिक्टर स्केल पर 6.0 से 6.9 तीव्रता के भूकंप को बड़ा भूकंप माना जाता है और एक वर्ष में ऐसे 20 से 200 भूकंपों से धरती दहलती है और भारी हानि का सामना करना पड़ता है। तीन से पांच भूकंप 7.0 से 7.9 तीव्रता के हर वर्ष पृथ्वी पर झेलने होते हैं, जो जान-माल की बहुत हानि कर जाते हैं, कुछ मामले 8 रिएक्टर से अधिक के भी दर्ज किए गए हैं जिसमें सब कुछ दोस्त हो जाता है हालांकि इस लेटर का भूकंप औसतन 1 वर्ष में 3 3 से भी कम रहते हैं। भूकंप जैसी प्रातिक आपदा पर किसी का बस नहीं है लेकिन आज आधुनिक संसाधनों से संभावित भूकंप की जानकारी ली जा सकती है। संभावित आपदा से पूर्व ही लोगों को सचेत करने का काम राज्य सरकारों का है और इस कार्य में थोड़ी सी चूक गया लापरवाही बड़े जानमाल के नुकसान का कारण बन सकती है। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में जहां भूकंप की संभावना हमेशा बनी रहती है वहां खासतौर से आपदा राहत तंत्र को बेहद चौकस एवं सतर्क बनाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को जागरूक करने का कार्य भी बेहद महत्वपूर्ण है।

# हर्षोल्लास का महापर्व होली



**ब्रज की होली की मस्ती में धुलेंडी से लेकर चौत्र ष्ण दशमी तक जगह-जगह चरकुला नृत्य, हल नृत्य, हुक्का नृत्य, बम्ब नृत्य, तख्त नृत्य, चाँचर नृत्य एवं झूला नृत्य आदि अत्यंत मनोहारी नृत्य भी होते हैं। साथ ही चौत्र ष्ण तृतीया से चौत्र ष्ण दशमी तक निरन्तर दिनों तक ब्रज के समस्त मंदिरों में फूलडोल की छटा छाई रहती है। साथ ही सुमधुर होलियों का गायन भी होता है। अनेक स्थानों पर फूलडोल के मेले भी लगते हैं।रंगों का त्योहार होली समूचे देश में कई रूपों में इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इन सभी के साथ अपने-अपने आंचलिक नाम,महत्ता और कहानियां जुड़ी हुई हैं।बिहार में होली को फगुआ या फाल्गुन पूर्णिमा भी कहा जाता है। फगु का अर्थ होता है लाल रंग और पूर्णिमा यानि पूर्ण चंद्र । बिहार में होलिका दहन को सम्वत्सर दहन भी कहा जाता है।हरियाणा में धुलेंडी के दिन भाभियाँ अपनी साडियों से कोड़े बना कर अपने देवरों को पीटती हैं।इस पर देवर अपनी भाभियों को मिठाईयों का उपहार देकर उन्हें प्रसन्न करते हैं।साथ ही लोग-बाग अपनी-अपनी सुविधानुसार किसी एक स्थान पर एकत्रित हो कर दही की मटकी फोड़ते हैं।**

**डा. गोपाल चतुर्वेदी**

होली हमारे देश का प्राचीनतम राष्ट्रीय पर्व है। जो कि प्रतिवर्ष नवीन उल्लास व स्फूर्ति लेकर आता है। इस त्योहार में न कोई वर्ग भेद है और न ही कोई जाति भेद।

भक्त प्रह्लाद व होलिका की पौराणिक कथा के सन्दर्भ में यह अधर्म पर धर्म की विजय का महोत्सव है। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि जिस प्रकार भक्त प्रह्लाद के समक्ष होलिका का कोई महत्व नही रहा, उसी प्रकार पुण्य के समक्ष पाप का कोई अस्तित्व नही है। सत्य सदैव ही असत्य पर विजय प्राप्त करता है।

होली के त्योहार की जो सबसे बड़ी विशेषता है वो यह है कि इस त्योहार को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र एवं बालक,वृद्ध, स्त्री, नवयुवक आदि सभी अत्यंत धूमधाम के साथ मनाते हैं। होली के त्योहार का भविष्य पुराण में विस्तार से वर्णन है। त्रेता युग में भगवान श्रीराम के द्वारा होलिकोत्सव मनाए जाने का विस्तृत वर्णन गोस्वामी तुलसीदास त गीतावली में है।

होलिकादहन में अग्नि की पूजा इसलिए की जाती है क्योंकि अग्नि को परमात्मा का स्वरूप माना गया है। इनकी वन्दना से हमें दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ती मिलती है। यदि हम लोग होलिका दहन के सही अर्थ को समझें तो सम्पूर्ण विश्व में आतंकवाद जैसी समस्या ही न रहे। क्योंकि यह समस्या मुख्य रूप से दुर्भावना की ही देन है। अतैव होलिका दहन के अवसर पर हम सभी को अग्नि देव से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि हम सभी पारस्परिक बैर-भाव भूल जाएं और प्रेम पूर्वक होली का त्योहार मनाएं।होली के त्योहार का आध्यात्मिक महत्व भी है। वैदिक काल में इसे नवन्नेष्टि नाम से भी सम्बोधित किया जाता था। उस समय अधपके अन्न का यज्ञ में हवन कर प्रसाद वितरण करने का विधान था। इस अन्न को होला कहते थे। कालांतर में यही होला शब्द होली बन गया।

होली का त्योहार एक-दूसरे को समीप लाने और आपस की स्वतंत्रता को समाप्त करने के लिए भी प्रसिद्ध है। अतरू हम सभी को इस दिन अपनी बुराइयों को त्यागने का संकल्प लेना चाहिए।

हमारे समूचे देश में इस पर्व को मनाने का ढंग अत्यंत वैविध्यपूर्ण है। वीं व वीं शताब्दी के भक्ति युग में ब्रज की होली को इतना बड़ा धरातल प्रदान किया जो कि सम्पूर्ण भारत की धर्मप्राण संस्ति में अपना एक विशेष महत्व रखती है।

ब्रज की होली अपनी अनूठी और अनोखी परम्पराओं के कारण समूचे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां होली की विधिवत शुरुआत बसन्त पँचमी से हो जाती है और यहां के सभी मंदिरों में ठाकुर जी के समक्ष नित्य-प्रति के श्रृंगार में गुलाल का प्रयोग होने लगता है। होली का यह रंग माघ शुक्ल पंचमी से लेकर चौत्र ष्ण दशमी तक पूरे दिनों समूचे ब्रज के कण-कण में छाया रहता है। ब्रज की होली का प्रथम चरण यहां के राधारानी मानसरोवर मन्दिर में फाल्गुन ष्ण एकादशी को राधा रानी के मेले से शुरू होता है। मथुरा के बरसाना कस्बे में फाल्गुन ष्ण अष्टमी को लड्डू की होली व फाल्गुन शुक्ल नवमी को विश्व प्रसिद्ध ला मार होली होती है। जिसमें बरसाना की हुरियारिनें (स्त्रियां) नंद्गाँव के हुरियारों(पुरुषों) पर लाठियों से प्रहार करती हैं। जिन्हें कि नंद्गांव के हुरियारे अपनी ढालों पर रोकते हैं। फाल्गुन शुक्ल दशमी को नंद्गांव में भी ला मार होली होती है। मथुरा के फालैन व जटवारी ग्राम में फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा को जलती हुई होली की विशालकाय आग की लपटों में से ग्राम का प्रह्लाद भक्त पण्डा नंगे पांव बाहर निकलता है। परन्तु उसका बाल तक बांका नही होता है।

धुलेंडी के दिन सारे देश में होली का विश्राम हो जाता है। परन्तु ब्रज में इसके दिन बाद तक भी होली का त्योहार किसी न किसी रूप में मनाया जाता रहता है। धुलेंडी के दिन से दिन बाद तक समूचे ब्रज में तानों के गायन का क्रम चलता है। चौत्र ष्ण द्वितीया को बल्देव के ठाकुर दाउद्दयाल मन्दिर में दोपहर लगभग बजे दाऊजी का हुरंगा होता है। इस हुरंगे में गुसाईं समाज की हुरियारिनें (स्त्रियां) , हुरियारों (पुरुषों) के शरीर से उनके वस्त्र फाडकर और उनके कोड़े बना कर उनसे गीले बदन हरियारों की पिटाई करती हैं। इसके प्रत्युतर में ब्रज के यह वीर हुरियारे मन्दिर में बने हुए कुंड में से पिचकारियों व बाल्टियों में रंग भर-भर कर हुरियारिनों को रंग से सराबोर कर देते हैं। इसी दिन मथुरा के जाव ग्राम में भी अत्यंत रसपूर्ण हुरंगा होता है। इसमें जाव ग्राम की स्त्रियां व बठैन ग्राम के पुरुष भाग लेते हैं। चौत्र ष्ण तृतीया को बठैन ग्राम में भी ला मार हुरंगा होता है।

ब्रज की होली की मस्ती में धुलेंडी से लेकर चौत्र ष्ण दशमी तक जगह-जगह चरकुला नृत्य, हल नृत्य, हुक्का नृत्य, बम्ब नृत्य, तख्त नृत्य, चाँचर नृत्य एवं झूला नृत्य आदि अत्यंत मनोहारी नृत्य भी होते हैं। साथ ही चौत्र ष्ण तृतीया से चौत्र ष्ण दशमी तक निरन्तर दिनों तक ब्रज के समस्त मंदिरों में फूलडोल की छटा छाई रहती है। साथ ही सुमधुर होलियों का गायन भी होता है। अनेक स्थानों पर फूलडोल के मेले भी लगते हैं।

रंगों का त्योहार होली समूचे देश में कई रूपों में इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इन सभी के साथ अपने-अपने आंचलिक नाम,महत्ता और कहानियां जुड़ी हुई हैं।

बिहार में होली को फगुआ या फाल्गुन पूर्णिमा भी कहा जाता है। फगु का अर्थ होता है लाल रंग और पूर्णिमा यानि पूर्ण चंद्र । बिहार में होलिका दहन को सम्वत्सर दहन भी कहा जाता है।

हरियाणा में धुलेंडी के दिन भाभियाँ अपनी साडियों से कोड़े बना कर अपने देवरों को पीटती हैं।इस पर देवर अपनी भाभियों को मिठाईयों का उपहार देकर उन्हें प्रसन्न करते हैं।साथ ही लोग-बाग अपनी-अपनी सुविधानुसार किसी एक स्थान पर एकत्रित हो कर दही की मटकी फोड़ते हैं।

महाराष्ट्र के लोग होली को रँग पंचमी कहते हैं। यहां के लोग, विशेषकर मटुआरे इस त्योहार को शिमगो कहते हैं। इस दिन यहां के लोग खूब नाचते, गाते और खुशियां मनाते हैं। साथ ही इस दौरान सभी अपनी-अपनी खुशियों व दुखों को एक-दूसरे को बता कर आपस में शेयर करते हैं।इसके अलावा अपने हाथ और मुँह के सहारे एक विचित्र शैली में आवाज निकालते हैं।

पँजाब में होली के अवसर पर दिन तक होला मोहल्ला नामक वार्षिक मेला जुड़ता है।जो कि वृहद स्तर पर आनंदपुर साहिब में लगता है। इसे सिखों के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह ने शुरू किया था। इसका मुख्य उद्देश्य सिख युवकों को शारीरिक रूप से मजबूत करना है। इस मेले में सिख नवयुवक कई तरह के कारनामे भी दिखाते हैं। इस मेले का समापन शोभायात्रा व लंगर के साथ होता है।

तमिलनाडु में होली के अवसर पर लोग-वाग कामदेव की पूजा करते हैं। प्रचलित कथाओं के अनुसार भगवान शिव के कोप के कारण कामदेव जल कर भस्म हो गए थे। लेकिन बाद में उनकी पत्नी रति की प्रार्थना पर भगवान शिव ने उन्हें जीवन दान दे दिया था। तमिलनाडु वासियों की ऐसी मान्यता है कि होली के ही दिन कामदेव पुनरू जीवित हुए थे, इसलिए तमिलनाडु वासी इस दिन लोक-गीतों के माध्यम से रति की व्यथा-कथा गाते हैं। साथ ही कामदेव को जलन से मुक्ति दिलाने के लिए चन्दन अर्पित करते हैं। विडम्बना है कि हर्षोल्लास, प्रेम, सौहार्द्र एवं भाईचारे आदि का त्योहार होली अब विभिन्न विसंगतियों के चलते अशोभनीय त्यों, फूहडताओं एवं वितियों आदि से ग्रस्त हो गया है। जिसके कारण लोग-वाग नशा करते हैं, जुआ खेलते हैं एवं पुरानी रंजिशों को निकालते हैं।व्यापक जनहित में इस सब पर अंकुश लगना चाहिए ताकि होली जैसे सनातन संस्ति के पावन व प्रेमपूर्ण इस त्योहार की अस्मिता सुरक्षित रह सके।

# जंगल सफारी के लिए मशहूर हैं ओड़िसा के ये नेशनल पार्क



दिल्ली, ओड़िसा अपनी सभ्यता और संस्कृति के लिए जाना जाता है। इतिहास के पन्नों में ओड़िशा का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा है। इस प्रदेश में कई प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल हैं। इसके अलावा, कई नेशनल पार्क हैं, जो जगंल सफारी के लिए प्रसिद्ध हैं। आप इन नेशनल पार्क में जंगल सफारी कर विभिन्न प्रकार के वन्य जीवों का दीदार कर सकते हैं। आइए जानते हैं-

भीतरकनिका नेशनल पार्क

आप जंगल सफारी के लिए भीतरकनिका नेशनल पार्क जा सकते हैं। यह नेशनल पार्क ओड़िशा के केन्द्रापड़ा में 145 वर्ग किमी में फैला है। इस पार्क में आप जलीय और स्थलीय जीव जंतु का दीदार कर सकते हैं। वन्यजीवों की बात करें तो आप रीसस बंदर, चीतल, बानकर, कोबरा, हिरण, हायना, जंगली सूअर समेत अन्य जीवों को देख सकते हैं। इसके अलावा, मगरमच्छ भी देखने को मिल जाएंगे।

सिमलिपाल नेशनल पार्क

आप जंगल सफारी के लिए सिमलिपाल नेशनल पार्क भी जा सकते हैं। यह नेशनल पार्क ओड़िशा के मयूरभंज ज़िले में 326 वर्ग मील क्षेत्र में फैला है। इस पार्क में जोरांडा और बरेहीपानी वाटरफॉल्स भी हैं। साल 1956 में सिमलिपाल का चयन टाइगर रिजर्व के लिए किया गया था। आप इस पार्क में बाघ, हिरन, हाथी, हिरन, हायना, चीता, सियार, लोमड़ी आदि वन्य जीवों को देख सकते हैं।

सतकोसिया टाइगर रिज़र्व

अगर आप जंगल सफारी में बाघ का दीदार करना चाहते हैं, तो सतकोसिया टाइगर रिज़र्व घूमने जाएं। ये टाइगर रिज़र्व ओड़िशा के नयागढ़ ज़िले में है। टाइगर रिज़र्व 988.3 वर्ग किमी क्षेत्र में है। इस पार्क के मध्य से होकर महानदी निकलती है। आप सतकोसिया टाइगर रिज़र्व में बाघ के अलावा, जंगली सूअर, लकड़बग्घा, रीछ, चीता, हाथी का दीदार कर सकते हैं।

देब्रीगढ़ वन्य अभयारण्य

ओड़िशा के बरगढ़ ज़िले और सम्बलपुर ज़िले में देब्रीगढ़ वन्य अभयारण्य है। यह वन्य अभयारण्य हीराकुद बाँध के बेहद समीप है। बड़ी संख्या में पर्यटक वेकेशन पर घूमने के लिए देब्रीगढ़ वन्य अभयारण्य आते हैं। आप अपने दोस्तों और परिवारजनों के साथ जंगल सफारी के लिए देब्रीगढ़ वन्य अभयारण्य जा सकते हैं।

कोटगढ़ वन्यजीव अभयारण्य

आप ओड़िशा में स्थित कोटगढ़ वन्यजीव अभयारण्य घूमने जा सकते हैं। इस पार्क में आप विभिन्न वन्य जीव जैसे बाघ, हाथी, गौर, साम्भर, चीतल, तेन्दुआ, रीछ, जंगली मुर्गा, कृष्णमृग का दीदार कर सकते हैं। यह खूबसूरत वन्य अभयारण्य कंधमाल जिले में है।

# उत्तर-पूर्व का संदेश

पहले की तरह इन्कम्बेंसी-एंटी इन्कम्बेंसी के भरोसे बैठे रह कर विपक्षी दल भाजपा को हराने की आशा नहीं रख सकते। भाजपा ने गुजरे नौ साल में लोगों की राजनीतिक पसंद को उनकी रोजमर्रा की जिंद्गी के सवालों से अलग करने में कामयाबी पा ली है।

उत्तर-पूर्व के तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों से एक बार फिर भारतीय राजनीति के बदले संदर्भ बिंदु की पुष्टि हुई है। विपक्ष को कम से कम अब इस नए रुझान से संदेश ग्रहण करना चाहिए। संदेश यह है कि पहले की तरह इन्कम्बेंसी-एंटी इन्कम्बेंसी के भरोसे बैठे रह कर वह भारतीय जनता पार्टी को हराने की आशा नहीं रख सकते। भाजपा ने गुजरे नौ साल में लोगों की राजनीतिक पसंद को उनकी रोजमर्रा की जिंद्गी के सवालों से अलग करने में कामयाबी पा ली है। ऐसा उसने अपने खास राजनीतिक एजेंडे के आधार पर किया है, जिसके साथ देश के शासक वर्ग का तारतम्य बन गया है। इस वर्ग के साथ होने के कारण भाजपा के पास तमाम तरह के असीमित संसाधन उपलब्ध हैं। राजनीति में अक्सर पैसा और प्रचार की ताकत निर्णायक होते रहे हैं। आज इन मोर्चों पर विपक्षी पार्टियां भाजपा के सामने कहीं खड़ी नहीं हैं। जिन संवैधानिक संस्थाओं पर बहुत भरोसा किया जाता है, चूंकि उनके संचालक भी मुख्य रूप से समाज के ऊपरी तबकों से ही आते हैं, इसलिए उन संस्थाओं और भाजपा के राजनीतिक प्रोजेक्ट में आज एक खास तरह की समानता नजर आती है।

> यह ऐसी स्थिति है, जिसे नजरअंदाज कर किसी चुनाव नतीजे को नहीं समझा जा सकता। इस परिस्थिति में विपक्ष राजनीति की समझ और शैली बदल कर ही अपनी भूमिका बना सकता है। इस दिशा में प्रयास होने के अभी तक सीमित संकेत ही मिले हैं। राहुल गांधी ने जरूर भारत जोड़ो यात्रा करके इस ओर पहल की, लेकिन अभी यह महज एक शुरुआत ही है। यह दरअसल, बहुत लंबी यात्रा होगी, जिसमें लोगों के साथ लगातार संवाद और संपर्क में रहना होगा।

यह ऐसी स्थिति है, जिसे नजरअंदाज कर किसी चुनाव नतीजे को नहीं समझा जा सकता। इस परिस्थिति में विपक्ष राजनीति की समझ और शैली बदल कर ही अपनी भूमिका बना सकता है। इस दिशा में प्रयास होने के अभी तक सीमित संकेत ही मिले हैं। राहुल गांधी ने जरूर भारत जोड़ो यात्रा करके इस ओर पहल की, लेकिन अभी यह महज एक शुरुआत ही है। यह दरअसल, बहुत लंबी यात्रा होगी, जिसमें लोगों के साथ लगातार संवाद और संपर्क में रहना होगा। परिश्रम साध्य चुनौती को स्वीकार करने वाली राजनीतिक ताकत ही अपने विचारों को लेकर ऐसा जन समर्थन बना पाएगी, जिसका प्रभाव देश की राजनीति पर पड़ सके। फिलहाल चूंकि विपक्ष का पूरा ध्यान एक से दूसरे चुनाव पर टिका रहता है, इसलिए उसे बार-बार मायूसी हाथ लग रही है। इस कहानी के निकट भविष्य में बदलने के अभी तो कोई संकेत सामने नहीं हैं।

# भारतीय पर्व-परम्पराओं का सबसे महत्वपूर्ण अंग है गौ-वंश

**स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि**

भारतीय सनातनी, हिन्दू परिवारों में होने वाले छोटे से छोटे आनुष्ठानिक कार्यों से लेकर बड़े से बड़े आयोजनों में गाय के पूजन से लेकर उसके सभी उत्पाद जैसे दूध, दही, घृत, गोबर, गौ-मूत्र (प्चगव्य) की उपयोगिता अनिवार्य सुनिश्चित की गई है। हिन्दू घरों में प्रतिदिन चूल्हे पर बनने वाली प्रथम रोटी को गाय की रोटी माना गया है, इसे ही हम गौ-ग्रास कहते हैं। प्रातरूकाल उठ कर हिन्दू परिवार के सदस्य सर्वप्रथम घर में बनी गौ-शाला गौ-शाला में जाकर गाय को प्रणाम कर उसे हरी घास आहार के रूप में समर्पित कराते हैं। गायों का गोबर उठा कर उसे व्यवस्थित रीति से सुरक्षित करना दिनचर्या का अंग होता है। यह दिनचर्या आज भी भारतीय पारम्परिक परिवारों में देखी जा सकती है। प्रातरूकाल जागरण से लेकर गौ-दोहन, गौ-चारण और सायंकाल गोचर कर गायों का समूह में घर में वापस आने की बेला को पवित्र गोधूलि बेला माना गया है।गौ-सेवा को अत्यंत पवित्र कर्त्तव्य हमारे भारतीय धर्म शास्त्रों में व्याख्यायित किया गया है। गाय को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्रदान करने वाली देवी कहा गया है। गाय का यह महव कोटि-कोटि हिन्दू जन-मानस में सदियों से रचा-बसा है। इसी कारण गाय और सम्पूर्ण गौ-वंश को हम आस्था और श्रद्धा के केंद्र में रखते हैं।

गाय को भारत की आर्थिक समृद्धि का आधार माना गया है, गौ-वंश को भारतीय षि का आधार, पर्यावरण की संरक्षिका, भौतिक विज्ञान के अनुसंधान का केंद्र, आयुर्वेद का आधार सहित



विभिन्न विधाओं को प्रभावित करने वाला भारतीय गौ-वंश की महिमा अपार है। भारतीय पारम्परिक पर्वों की श्रंखला में अनेक पर्व तो सीधे गौ-वंश के लिये ही हैं जैसे वत्स-द्वादशी, गोपाष्टमी तथा दीपावली के दूसरे दिन गोवर्द्धन पूजा का पर्व।

भारतीय पर्वों को मनाने की अपनी एक विशिष्ट शैली है, जिसमें तिथि, नक्षत्र, दिन, योग एवं पर्व केंद्रित रीति-रिवाज एवं पर्व का देवता, देवी एवं उनके पूजन, स्मरण आदि का सामाजिक महव तथा उनमें छिपा विविध प्रकार का अन्वेषण जनित विज्ञान अवस्थित है। अधिकतर विज्ञान का वह पक्ष जिसे हम बोलचाल की भाषा में मनोविज्ञान कहते हैंय पर्वों को आयोजित करने एवं उनके मनाने में जन-मन का अनुरंजन, विनोद, आनंद, उल्लास, मानसिक उमंग ये सब मनोविज्ञान के विविध आयाम हैं। इसकी पुष्टि भारतीय मान्यताओं में प्रति की अष्टधा रूपों में अभिव्यक्त है।भूमिरापोनलो वायुरूखं मनोबुद्धिरेव च। अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रतिरष्टधा॥ की ही अभिव्यक्ति है।पर्वों की प्रासंगिकता उनके आरम्भिक काल में जितनी थी, आज भी वे सभी भारतीय प्राचीन पर्व उतने ही प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हैय उनके वर्तमान समय में युगानुकूल, सामयिक और नवाचारित स्वरूप में प्रस्तुत कर उन्हें अत्यधिक प्रासंगिक बनाना समय की अनिवार्यता है।

गौ-वंश कभी भी अनार्थिक और अनुपयोगी नहीं होता

आज किसान या गौ-पालकों द्वारा गोवंश को बेसहारा किया जा रहा है। उन्हें यह कह कर घर से बाहर किया जा रहा है कि गाय दूध नहीं दे रही है और बैल की खेती-किसानी में उपयोगिता नहीं रही। कारण अब षि का यांत्रिकीकरण हो गया है जबकि तथ्य इसके विपरीत है। गाय दूध दे रही या नहीं, बैल षि कार्य करने योग्य है या नहीं गौ-वंश को अनार्थिक और अनुपयोगी नहीं कह सकते। गौ-वंश से हमें गोबर और गौ-मूत्र जीवन भर मिलता है। दूध तो गाय का सबसे सस्ता उत्पाद है किन्तु गोबर और गौ-मूत्र बहुमूल्य उत्पाद या कीमती पदार्थ हैं। गाय का दूध तो मानव के लिये पौष्टिक आहार है किन्तु उससे भी अधिक गौ-वंश का गोबर और गोमूत्र धरती का पोषण आहार है। मानव शरीर और मानवीय बुद्धि को स्वस्थ रखने के लिये दूध, दही, मही, घी, मक्खन और धरती को स्वस्थ और उर्वरक बनाये रखने के लिये गोबर, गौ-मूत्र धरती का पारम्परिक आहार है। मनुष्य की भाँति धरती को भी पोषण आहार की आवश्यकता है उसकी पूर्ति गौ-वंश से प्राप्त गोबर और गौ-मूत्र से होती है। इतना ही नहीं गोबर और गौ-मूत्र से अनेक उत्पाद आज वैज्ञानिक पद्धति से तैयार हो रहे हैं।

दीपावली और होलिकोत्सव से यदि हम गौ-वंश को जोड़ कर उसका विश्लेषण युगानुकूल, सामयिक और नवाचार के साथ करें तो गौ-शालाओं में आर्थिक दृष्टि से आत्म-निर्भरता और स्वावलम्बन के द्वार खोले जा सकते हैं।

भारतवर्ष के सांस्तिक और धार्मिक मान्यताओं के आधार पर दीपावली और उसके आस-पास की तिथियाँ आर्थिक समृद्धि की देवी लक्ष्मी के पर्व की तिथियाँ हैं। हम गौ-शालाओं से प्राप्त गोबर के अनेक उत्पादों यथा गोबर के दीपक, गमले, पेंट, गौ-मूत्र से बनाये गये गोनाईल आदि के विक्रय से आर्थिक लाभ ले सकते हैं। इसी प्रकार होलिका दहन भी गोबर से बने कण्डों से तथा गौ-काष्ठ से करने का प्रचलन आरम्भ कर, जंगल से लकड़ी काटने में रोक लगा कर पर्यावरण का संरक्षण करने का अभियान चला सकते हैं। जंगल कटने से बचेंगे और पर्यावरण सुरक्षित होगा। मानव की मृत देह का अंतिम संस्कार भी गौ-शालाओं में गोबर से बनने वाले गौ-काष्ठ और गोबर के कण्डों से कर सकते हैं। इस विधि से भी गौ-शालाओं में आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।

**-लेखक मध्यप्रदेश गौ-संरक्षण एवं संवर्द्धन बोर्ड की कार्य परिषद के अध्यक्ष है।**

# याददाश्त को कमजोर कर सकते हैं ये 5 खाद्य पदार्थ, खाने से बचें

शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक मस्तिष्क को ठीक स्थिति में रखने के लिए पर्याप्त पोषण और स्वस्थ आहार की आवश्यकता होती है। ऐसे में कुछ खाद्य पदार्थ हैं, जो याददाश्त और मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए अच्टे हैं, जबकि कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जो याददाश्त को प्रभावित करते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपकी याददाश्त की समस्या और खराब हो सकती है।

**तले हुए खाद्य पदार्थ** समोसा, चिप्स, फ्रेंच फ्राइज और पकोड़े जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता है। ये आपकी याददाश्त को हानि पहुंचा सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, ऐसे लोग जो तले हुए खाद्य पदार्थों से भरे आहार का सेवन करते थे, उन्होंने याददाश्त और एकाग्रता में कमी का अनुभव किया। ये खाद्य पदार्थ शरीर में सूजन पैदा करते हैं, जो आपके मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति करने वाली रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती है। **रिफाइंड ब्रेड और पास्ता** रिफाइंड ब्रेड और पास्ता आपके मस्तिष्क के लिए सबसे खराब खाद्य पदार्थों में से एक हैं क्योंकि प्रोसेसिंग के समय इनके पोषक तत्व छीन लिए जाते हैं। ये संसाधित और उच्च ग्लाइसेमिक कार्ब्स आपके इंसुलिन और ब्लड शुगर के स्तर को भी बढ़ा सकते हैं, जिससे आपकी याददाश्त और कग्निटिव क्षमता प्रभावित होती है। आप इनके बजाय अपने आहार में ब्राउन राइस पास्ता या होल ग्रेन ब्रेड शामिल कर सकते हैं। **वेजिटेबल तेल** कनोला तेल जैसे वेजिटेबल तेल में एंफ्लेमेटरी फैटी एसिड और ओमेगा-6 फैटी एसिड अधिक होते हैं, जो आपके मस्तिष्क के कामकाज को प्रभावित कर सकते हैं और अल्जाइमर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। ये डिप्रेशन और कग्निटिव क्षमता को भी प्रभावित कर सकते हैं। वेजिटेबल तेल के सेवन से होने वाली पुरानी मस्तिष्क सूजन अक्सर मानसिक थकावट का कारण बन सकती है। इसके बजाय मस्तिष्क का विकास करने वाला नारियल के तेल या जैतून का तेल चुनें। **चीज** चीज सैचुरेटेड फैट से भरपूर होता है, जो आपके मस्तिष्क के वेसेल्स को बंद करके सूजन पैदा कर सकता है। इससे याददाश्त कम होती और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

# राजभवन में चल रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव का हुआ समापन





देहरादून। राजभवन देहरादून में तीन दिन तक चले वसंतोत्सव–2023 का रविवार को समापन हो गया। देहरादून का सांस्कृतिक आयोजन बन चुके वसंतोत्सव के इन तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पों की प्राकृतिक सुंदरता और अन्य कार्यक्रमों का आनंद लिया। वसन्तोत्सव–2023 में इस वर्ष की चल वैजयंती (रनिंग ट्राफी) आईआईटी रूड़की को मिली। इस वर्ष आईआईटी रूड़की को 13 श्रेणियों में, ओएनजीसी को 10 श्रेणियों में, उत्तराखण्ड वन विभाग को 03 श्रेणियों में, बीएचईएल को 02 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए। वसंतोत्सव में 16 श्रेणियों की 62 उपश्रेणियों में 186 प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित किये गये। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पुष्प प्रतियोगिताओं, रंगोली तथा बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, फोटो प्रतियोगिता आदि श्रेणियों के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया। (विस्तृत सूची संलग्न है।) इस अवसर पर राज्यपाल ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा कमल कांत शर्मा के सहयोग से बनाये गए डिजिटल एप का लोकार्पण किया। इस एप का मुख्य उद्देश्य सभी जैविक किसानों को उनके उत्पादों के विक्रय हेतु उपभोक्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करवाना है।

वसन्तोत्सव–2023 समापन के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष पुष्प प्रदर्शनी में लोगों का उत्साह और प्रतिभाग देखने लायक रहा। उन्होंने कहा कि इन तीन दिनों में राजभवन के चारों ओर हर्ष व उल्लास का वातावरण था। राज्यपाल ने कहा कि संकल्प से सिद्धि और फूलों से समृद्धि के मंत्र के साथ आगे बढ़कर देहरादून को फूलों की राजधानी व उत्तर-ाखण्ड को फूलों का प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि पूरे भारत में पुष्पों की जरूरत उत्तराखण्ड पूरी करे। राज्यपाल ने कहा कि उद्यान विभाग एवं राज्य के किसानों के सम्मिलित प्रयासों ने पुष्प उत्पादन को व्यवसायिक स्वरूप प्रदान किया है। राज्य में पुष्प उत्पादन हेतु विद्यमान अवसरों एवं उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त करते हुए पुष्प उत्पादकों द्वारा इसे विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचाया जायेगा, जो उनकी आय में अपेक्षित वृद्धि में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि कृषि बागवानी और पर्यटन विभाग के क्षेत्र से उत्तराखण्ड में समृद्धि, खुशहाली आयेगी। हमें अपने उत्पादन को बढ़ाकर आर्थिक क्रांति लानी है। उत्तराखण्ड की फसलें अमूल्य धरोहर के समान है, जिनका संरक्षण, संवर्धन एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। प्रदेश में जैविक खेती के साथ–साथ एक कदम और आगे बढ़ते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे लोगों को उनके थाली में स्वास्थ्य वर्धक भोजन मिल सके। समापन समारोह में राज्यपाल ने सभी विजेताओं, प्रतिभागियों, तथा प्रदर्शनी के मुख्य आयोजक उद्यान विभाग, संस्कृति विभाग सहित सभी सहयोगी विभागों को इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस वसंतोत्सव–2023 में लोगों ने रिकॉर्ड भागीदारी की है। आने वाले समय में यह उत्सव और भी भव्य रूप लेगा। उन्होंने कहा कि कृषि–उद्यान के क्षेत्र में सरकार नये आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड उद्यायानीकरण, पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में उत्पादन को दोगुना करेगा, जिससे पलायन रोकने में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने कई विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

समापन समारोह में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति का एक अलग ही वरदान प्राप्त है।

## जन जागरूकता साइकिल रैली निकाली



देहरादून। रविवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जनपद देहरादून में श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के सहयोग से जन जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का प्रमुख उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना रहा।रैली का थीम ह्यस्वस्थ महिलाएं, स्वस्थ भारत' रखा गया था। रैली का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक खजान दास, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनके त्यागी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनएचएम डॉ. निधि रावत द्वारा किया गया। विधायक खजानदास ने महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाएं, परिवार और समाज की रीढ़ होती हैं, ऐसे में वे स्वास्थ्य रहेंगी तो परिवार और समाज स्वस्थ होगा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के दौर में स्वस्थ रहने के साथ पर्यावरण अनुकूल परिवहन साइकिल का उपयोग करने की अपील की।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनके त्यागी ने कहा कि जनपद में समस्त चिकित्सा इकाइयों के साथ हेल्थ वेलनेस केंद्रों पर महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध है। एसीएमओ एनएचएम डॉ. निधि रावत ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत जनपद में जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, सुमन, इजा बोई शगुन योजना, फ्री सैनिटरी नैपकिन योजना, नई पहल किट, स्तन कैंसर जांच, ग्रीवा कैंसर जांच आदि योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## ई–ग्रन्थालय से जुड़ेंगे प्रदेश के सभी मेडिकल व नर्सिंग कालेज

देहरादून। राज्य के सभी मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज ई–ग्रन्थालय से जुड़ेंगे। मेडिकल शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले शत प्रतिशत स्टूडेंट का ई–ग्रन्थालय में पंजीकरण होगा। इसके जरिए मेडिकल स्टूडेंट देश भर के मेडिकल शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध पुस्तकों, शोध पत्रों और पत्रिकाओं का अध्ययन कर सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने यमुना कालोनी आवास में हुई समीक्षा बैठक में कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की तर्ज पर जल्द प्रदेश के निजी और सरकारी मेडिकल कालेजों, नर्सिंग कॉलेजों को भी ई–ग्रन्थालय से जोड़ा जाएगा। मेडिकल शिक्षण संस्थानों के ई–ग्रन्थालय से जुड़ने से मेडिकल एवं नर्सिंग की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट को इसके माध्यम से कैटलागिंग की आधुनिक डिजिटल सुविधा मिलेगी। इसके साथ साथ विभिन्न मेडिकल कालेजों, नर्सिंग कालेजों में उपलब्ध बेहतर पुस्तकें, शोध पत्रों एवं पत्रिकाओं सहित पठन पाठन के अन्य संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी शिक्षण संस्थानों में डिजिटल लाइब्रेरी अनिवार्य कर दी गई है। उत्तराखंड के तमाम शिक्षण संस्थानों में एनआईसी के सहयोग से ई–ग्रन्थालय स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिये एनआईसी अलग से एक पोर्टल तैयार करेगी। जिसमें मेडिकल एवं नर्सिंग कालेजों को अपना पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद इसमें मेडिकल स्टूडेंट का पंजीकरण होगा। उच्च शिक्षा विभाग के तहत सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में ई–ग्रंथालय की स्थापना कर दी गई है।

## आंगनबाड़ी सुपरवाईजर पदों के लिए प्रमोशन लिस्ट जारी

देहरादून। महिला सशक्तिकरण बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी सुपरवाईजर की अनंतिम प्रमोशन लिस्ट जारी कर दी है। कुल 155 पदों के लिए साढ़े पांच हजार से अधिक आंगनबाड़ी वर्कर ने आवेदन किया था।

महिला सशक्तिकरण बाल विकास विभाग ने नवंबर 2021 में सुपरवाईजर के रिक्त पदों पर विभागीय पदोन्नति के जरिए चयन प्रक्रिया प्रारंभ की थी। इसके लिए कुल साढ़े पांच हजार से अधिक आंगनबाड़ी वर्कर ने आवेदन किया था। प्रारंभ में रिक्त पदों की संख्या 105 थी, लेकिन विभाग ने वर्तमान चयन वर्ष में 30 जून तक रिक्त होने वाले सुपरवाईजर के पदों को शामिल करते हुए अब कुल 155 चयनित आंगनबाड़ी वर्कर की अनंतिम लिस्ट सार्वजनिक करते हुए, 10 दिन के भीतर आपत्ति मांगे हैं। इसके अलावा कोर्ट में चल रहे वाद के क्रम में पांच पद रिक्त रखे गए हैं। विभाग ने विवाद से बचने के लिए पूर्व में आपत्ति दाखिल करने वाली आंगनवाड़ी वर्कर की आपत्तियों का निस्तारण करते हुए, सभी आपत्तियों पर की गई कार्यवाई भी सार्वजनिक की है। इसके साथ ही चयनित अभ्यर्थियों के नाम, श्रेणी, कट ऑफ भी जारी करते हुए मैरिट पर दस दिन के भीतर आपत्ति दाखिल करने को कहा है। उत्तराखंड में पिछली बार 2012 में आंगनबाड़ी वर्कर से सुपरवाईजर के पदों पर प्रमोशन हुए थे, इस कारण आंगनबाड़ी वर्कर लंबे समय से प्रमोशन की मांग कर रहे थे। बीते दिनों आंगनबाड़ी वर्कर सम्पति त्रिपाठी और विमला जोशी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से मुलाकात, प्रमोशन लिस्ट जारी करने की मांग की थी। जिस पर सीएम पुष्कर धामी ने सचिव को लिस्ट तत्काल जारी करने को कहा था।

### एक नजर

#### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डाकरा में हुआ महिलाओं का सम्मान

देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी व भाजपा महिला प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डाकरा के बद्रीविशाल वैंडिग प्वाइंट में आयोजित होली मिलन समारोह में महिलाओं को सम्मानित किया। भाजपा की शहीद दुर्गामल्ल मंडल अध्यक्ष ज्योति कोटिया की अध्यक्षता में हुए होली मिलन समारोह व अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तीकरण एवं सुरक्षा सप्ताह में महिला भागीदारी को प्रोत्साहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीजेपी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सजीली प्रस्तुतियां दी गई। सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में सीता देवी, मधुबाला गुप्ता, सुंदरी देवी थापा, राजकुमारी देवी, दीक्षा सिंह, सीमा खन्ना, डॉ. बबीता सहोत्रा, सोनाली थापा, निशा, अशोक श्रेष्ठा, संगीता ओझा, अंजलि नगरकोटी, संजीवनी रावत, अनिता शर्मा, शिवानी गुरुंग आदि शामिल थे। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा मंत्री कमली भट्ट, निर्मला जोशी, पदम थापा,उपाध्यक्ष बबिता, संध्या थापा, विष्णु गुप्ता, सुरेंद्र राणा उपस्थित रहे।

#### शिवमोहन सिंह के दोहा संग्रह का विमोचन

देहरादून। समसामयिक विषयों पर लिखे गए शिव मोहन सिंह के दोहा संग्रह जयें कुहरे में धूप का लोकार्पण सेनि.पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी व अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने किया।

हिंदी साहित्य समिति देहरादून व उद्गार साहित्यिक एवं सामाजिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में जीएमएस रोड स्थित होटल ग्रैंड लीगेंसी प्राइम में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पूर्व कुलपति डॉ.सुधा रानी पांडेय, पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने साहित्य और मौजूदा लेखन पर अपने विचार प्रकट किये।

## भाजपा के नफरत के विष का इलाज साबित हुई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा : माहरा

विकासनगर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से शुरू की गई हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में शामिल होने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भारतीय जनता पार्टी और भाजपा की डबल इंजन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि धर्म के सहारे नफरत फैलाकर भाजपा देश का माहौल खराब कर रही है, लेकिन कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा भाजपा के इस विष का इलाज साबित हुई। यात्रा तिलक भवन से शुरू होकर हरबर्टपुर पुलिस चौकी पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने जनता से भी सीधा संवाद किया। यात्रा में शामिल होने से पूर्व तिलक भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए करन माहरा ने कहा कि राजनैतिक रोटियां सेंककर भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश में लोगों के बीच धर्म के आधार पर वैमनस्यता पैदा कर नफरत का विष भर दिया है। लंबे समय से भारत इस विष के खतरनाक प्रभाव से कमजोर होता जा रहा था, लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने इस जहर के असर को बहुत कम कर दिया है। उन्हानें कहा कि भाजपा की राजनीति इतनी घृणित है कि कांग्रेस और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के बारे में भ्रामक प्रचार करने के लिए ही हजारों करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। भाजपा ने अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए लगातार सनातन धर्म और देश को बदनाम किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का संदेश पूरे देश में पहुंचाने के लिए हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से इस देश में अमन चैन की बहाली और नफरत को खत्म करने का काम कांग्रेस कर रही है।उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री नवप्रभात ने कहा कि अंकिता भंडारी के मुद्दे पर सरकार हत्यारों को बचाने का काम कर रही है। अपने हक की जंग लड़ रहे बेरोजगारों पर फर्जी मुकदमें दायर कर उनका उत्पीड़न किया रहा है। किसानों, युवाओं, बेरोजगारों, महिलाओं, मजदूरों को और इनके साथ साथ समाज के हर वर्ग को अपने अधिकारों की जंग लड़नी पड़ रही है। लेकिन सरकार कान में रूई डाल कर बैठी हुई है और धर्म के आधार पर लोगों को बांटकर राजनीति कर रही है। अडानी जैसे पूंजीपतियों को और अमीर बनाने के साथ ही देश के आम आदमी को और गरीब बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। भाजपा के इस षडयंत्र से देश को बचाने के लिए कांग्रेस ही जरूरी है का अभियान चलाया जाएगा।

#### वैश्य महासंघ ने शिवाजी धर्मशाला में अबीर गुलाल लगाकर मनाई होली

देहरादून। भारतीय वैश्य महासंघ महानगर का होली मिलन समारोह शिवाजी धर्मशाला में आयोजित हुआ।

जिसमें महासंघ सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर व गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, प्रदेश संरक्षक राजेंद्र गोयल, प्रदेश अध्यक्ष विनय गोयल, महानगर अध्यक्ष विनोद गोयल, महानगर अध्यक्ष रमा गोयल, अनु अग्रवाल, अजय गर्ग, सुधीर अग्रवाल, महावीर गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोगों का स्वागत मातृशक्ति ने केसर तिलक से किया। कार्यक्रम शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। सोनल वर्मा व उनकी छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। सोनल ने होली गीत गाया। सुनीता ने जहां जहां जाएगी राधा, वही जाएंगे मुरारी.., बीना अग्रवाल नृत्य कार्यक्रम, स्वीटी गुसाई, सुनीता गुप्ता, अनीता गुप्ता ने होली के मनोरंजक कार्यक्रम दिखाए।

## जनता दरबार में विधायक चौहान ने सुनी जन समस्याएं


विकासनगर। दिनकर विहार स्थित कैंप कार्यालय में लगे जनता दरबार में विधायक मुन्ना चौहान ने विधान सभा क्षेत्र के गांवों और शहरों से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुनी। अधिकांश समस्याओं के निस्तारण के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

आम जनता ने विधायक के सामने सड़क, पेयजल, बिजली, पानी, सिंचाई, स्वास्थ्य सुविधा से संबंधित समस्याओं को रखा। जनता दरबार में बिन्हार क्षेत्र से आए ग्रामीणों ने बताया कि लांघा–मटोगी मोटर मार्ग की हालत लंबे समय से जर्जर हो रखी है। बिन्हार क्षेत्र के करीब एक दर्जन मजरों को यातायात की सुविधा मुहैया कराने वाले इस मार्ग पर सफर करने के दौरान हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लांघा क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि अक्सर गांवों में लो वोल्टेज की समस्या रहती है। रूद्रपुर के प्रताप सिंह, मेहरबान सिंह ने कहा कि क्षेत्र में नशे का कारोबार बढ़ रहा है। बाजार से लगे जंगलों में नशेड़ियों का अड्डा बना रहता है, जिससे ग्रामीण महिलाएं चारा पत्ती के लिए जंगल में जाने से भी कतराती रहती हैं। बाड़वाला से आए ग्रामीणों ने बताया कि अश्वमेघ यज्ञ वेदी स्थल के सौंदर्यीकरण के बीते दो साल से आश्वासन मिल रहा है, लेकिन अभी तक सौंदर्यीकरण कार्य शुरु नहीं किया गया है। यज्ञ वेदी स्थल तक पहुंच मार्ग का भी निर्माण नहीं किया गया है। कहा कि ऐतिहासिक स्थल का सौंदर्यीकरण और प्रचार प्रसार से होने से क्षेत्र में पर्यटन उद्योग विकसित होगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

#### महिलाओं को हो अपने अधिकारों की जानकारी

देहरादून। पंजाब नेशनल बैंक के देहरादून मंडल कार्यालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। रविवार को आयोजित हुए कार्यक्रम का उत्तराखंड महिला एसोसिएशन की संस्थापक अध्यक्ष साधना शर्मा ने शुभारंभ किया। इस दौरान न्यूट्रीशियन एवं डायटीशियन रश्मि कुशवाह, मंडल प्रमुख यशपाल सिंह राजपूत, पूनम राजपूत मौजूद थे। शर्मा ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी होना बेहद जरूरी है। इस दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य, उत्थान, जीवन स्तर आदि बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

## होली को लेकर सज गई दुकानें, बच्चों में उत्साह



रुद्रप्रयाग। होली को लेकर अनेक बाजारों में दुकानें सज गई हैं। जबकि लोग होली की तैयारियों में जुटे हैं। घरों में महिलाओं द्वारा गुजिया बनानी शुरू कर दी गई है जबकि बच्चे रंग बिरंगे पिचकारी और रंगों को खरीद रहे हैं। होल्यारों की टीमें भी होली को लेकर तैयारियों में लगी है। आपसी मिलन और सौहार्द के पर्व होली को उत्साह से मनाने के लिए हर कोई तैयारियों में जुटा है। गांव के बच्चे और नौजवान झंडी के साथ ही हाथ में थाली बजाते हुए होली के आने की आहट दे रहे हैं। जबकि बाजारों में अनेक दुकानों में रंग सज गया है। हर कोई होली को लेकर उत्साहित है। व्यापारियों में भी पर्व को लेकर काफी खुशी है। उन्हें उम्मीद है कि होली को लेकर बाजारों में खूब खरीदारी होगी। इधर, कई जगहों पर गांव और बाजारी कस्बों में होली को उत्साह से मनाने के लिए डीजे और नृत्य की भी तैयारियां की जा रही है। स्थानीय व्यापारी सुरेंद्र कप्रवान, पुनीत डुडेजा, महावीर भट्ट, अमित नौटियाल, विक्रांत खन्ना आदि ने बताया कि होली को लेकर काफी उत्साह है।

## शिक्षकों ने रंगारंग कार्यक्रमों से बांधा समां

देहरादून। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ देहरादून की ओर से रेसकोर्स स्थित शिक्षक भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुए।

शुभारंभ जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र रावत, जिलामंत्री विनोद लखेड़ा, कोषाध्यक्ष गंभीर रावत एवं संरक्षक शशि दिवाकर ने दीप जलाकर किया।

विकासनगर ब्लॉक कोषाध्यक्ष मधु पटवाल ने गणेश वंदना और सरस्वती उनियाल ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। विकासनगर के मदन पाल, अंजू राजपूत, पवन कुमार, संतोष जयश्री ने बेहद खूबसूरत गीत और कविता की सुंदर प्रस्तुति दी। मधु पटवाल, नीलम, मनीषा रावत ने शानदार नृत्य से मन मोह लिया। सोसाइटी संचालक कुलदीप तोमर और जिला खेल समन्वय लेखराज तोमर एवं साथियों ने रंगारंग जौनसारी नृत्य से समा बांधा।

विकासनगर से सुमन अग्रवाल, इंदु डिमरी, कालसी से विभा शर्मा, पूनम मियां, चकराता से ज्योति जोशी, चयनिका यादव, डोईवाला से पुष्पा रावत, सुदेश मैठाणी, रायपुर से सुनीता उनियाल, रुचि सेमवाल, सहसपुर से क्रांति रावत, रुचि पुंडीर और माधवी शर्मा को सम्मानित किया गया। अंत में सभी ने एक–दूसरे को गुलाल लगाया। संचालन जिला उपाध्यक्ष अरविंद सोलंकी ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष गंभीर कश्यप, उमेश भारद्वाज, सतीश, देवेश डोभाल, नीरजा उपाध्याय, उपमंत्री शैलेंद्र नेगी, कमल सुयाल, मधु पटवाल, राकेश राणा, रणवीर चौहान, दिनेश रावत, संजय राठौर, नीलम बिष्ट, संदीप सोलंकी, राजेश्वरी थपलियाल, मोहन हटवाल, सचिन त्यागी, जूनियर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत सोलंकी, कनकलता सेमवाल, अजय सैनी, संतोष रावत, आरती संधू, निशा बर्थवाल आदि शामिल रहे।

## 2158 परीक्षार्थियों ने दी कनिष्ठ सहायक की परीक्षा



रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कनिष्ठ सहायक परीक्षा जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान जनपद में 11 परीक्षा केंद्रों में कुल 2158 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 616 परीक्षार्थी अनुपस्थपित रहे। अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि कनिष्ठ सहायक की परीक्षा के लिए जनपद में 11 केंद्रों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें अटल उत्कृष्ट राइका रुद्रप्रयाग, अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलाबराय, श्री गुरु रामराय पब्लिक स्कूल तिलणी, राजकीय पालीटेक्निक रतूडा, राइंका रतूड़ा, राइंका नगरासू, अटल उत्कृष्ट राइंका अगस्त्यमुनि, राबाइंका अगस्त्यमुनि, चिल्ड्रन एकेडमी इंटरमीडिएट कॉलेज अगस्त्यमुनि, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि तथा राइंका तिलकनगर शामिल हैं। उक्त सभी केन्द्रों में पंजीकृत 2774 अभ्यर्थियों मे से 2158 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 616 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। बताया कि सभी केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सभी परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जवानों केसाथ ही वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी की गई।

#### स्वावलंबी भारत अभियान समिति ने मनाई होली

देहरादून। स्वावलंबी भारत अभियान समिति उत्तराखंड की ओर से रविवार को जिला रोजगार सृजन केंद्र श्री गोवर्धन सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता डॉ. साध्वी प्राची ने शिरकत की।

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जगदीश रहे। संचालन आयोजक व स्वावलंबी भारत अभियान की प्रांत महिला समन्वयक प्रीति शुक्ला ने किया।

## दहेज उत्पीड़न, मारपीट, तीन तलाक व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने अपने माजरा पटेलनगर निवासी ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी है। महिला ने तहरीर में बताया कि उसका पति, सास, ससुर सहित पारिवार के सभी सात सदस्य उसका दहेज के लिए उत्पीड़न कर मारपीट करते हैं। पति ने उसे तीन तलाक दे दिया है। जबकि जेठ ने उसके साथ छेड़खानी करता है। महिला की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ पुलिस ने मारपीट, दहेज उत्पीड़न, छेड़खानी व तीन तलाक का मुकदमा दर्ज कर दिया है। सहसपुर निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी माजरा पटेल नगर निवासी मो. सलमान से कुछ समय पूर्व शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति मो. सलमान पुत्र मो. अजीज, सास रुखसाना परवीन, ससुर मो. अजीज, जेठ इमरान, कैफ, तब्बसुम व सोबी सभी निवासी प्रधानवाली गली माजरा थाना पटेलनगर देहरादून दहेज के लिए उत्पीड़न कर मारपीट करते हैं। बताया कि आरोपी उसको गाली–गलौज करने के साथ ही मारपीट करते हैं। यही नहीं जेठ ने उसके साथ बदनीयती से कई बार छेडखानी की है।

# कप्तानी का दरोमदार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करता है: हरमनप्रीत




नवी मुंबई, महिला प्रीमियर लीग के शुरुआती मुकाबले में अपने बल्ले से चमक बिखेरनी वाली मुंबई इंडियन्स की हरमनप्रीत कौर ने कहा कि कप्तानी का दरोमदार उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

हरमनप्रीत ने शनिवार को केवल 30 गेंदों पर 65 रन की पारी खेली जिसमें 14 चौके शामिल थे। उन्होंने इसके साथ ही एमिलिया केर (24 गेंदों पर नाबाद 45 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी की जिससे मुंबई ने पांच विकेट पर 207 रन बनाने के बाद गुजरात जायंट्स की पारी को महज 64 रन पर समेट कर 143 रन की बड़ी जीत दर्ज की। हरमनप्रीत ने मैच के बाद बाद कहा कि पिच से जल्दी से सामंजस्य बिठाना उनकी टीम की जीत के लिए महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, किसी भी मैच में आप यह सोच कर मैदान पर नहीं उतरते की यह एकतरफा मुकाबला होगा। आप हमेशा इस मानसिकता के साथ आते हैं कि आप विरोधी टीम को हल्के में नहीं ले सकते। हमारे गेंदबाजों ने जो किया वह काबिले तारीफ था। मुझे लगता है कि हमें अच्छी शुरुआत मिली और जब ऐसा होता है तो आप इसे जारी रख सकते हैं।

उन्होंने कहा, हमारी गेंदबाजी के दौरान लगभग सभी गेंदें सही जगह टप्पा खा रही थी। जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो यह पता लगाने में सक्षम थे कि किस क्षेत्र में गेंदबाजी करनी है। हमारे गेंदबाजों ने परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाया इस लिए यह एकतरफा मुकाबला लग रहा था।

दायें हाथ की इस बल्लेबाज ने कहा कि कप्तानी की जिम्मेदारी उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा, जब से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया है, तब से मैं टीमों की कप्तानी कर रही हूं। इससे मुझ पर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं आता है बल्कि यह मुझे मैच से अधिक जुड़ा हुआ महसूस कराता है। इससे मुझे अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलती है।

गुजरात जायंट्स की उपकप्तान स्नेह राणा ने कहा कि उनकी टीम को मुंबई ने हर विभाग में पछाड़ दिया लेकिन उन्हें अपना आत्मविश्वास बनाये रखना है। उन्होंने कहा, यहां माहौल काफी अलग था और यह कई खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मैच था। हमारे पास घरेलू स्तर के काफी खिलाड़ी हैं।

उन्होंने कहा, हमसे क्षेत्ररक्षण में कई बार चूक हुई और इसने आज के मैच में अहम भूमिका निभाई। मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए एक सबक है। कुछ खिलाड़ी जल्दी से माहौल में घुल जाते हैं, लेकिन कुछ लोग अपना समय लेते हैं।

उन्होंने कहा, हम इस मैच में हुई गलतियों के बारे में बात करेंगे। लेकिन हमने सभी खिलाड़ियों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि उन्हें हर समय अपना आत्मविश्वास बनाये रखना है। टूर्नामेंट अभी शुरू हुआ है, हमें हौसला बढ़ाने की जरूरत है। हम और मजबूती से वापसी करेंगे।




## मध्य प्रदेश को हराकर शेष भारत ने ईरानी कप जीता

ग्वालियर, शेष भारत ने सत्र के अंतिम घरेलू मैच के आखिरी दिन रविवार को यहां ईरानी कप में मध्य प्रदेश को 238 रन से करारी शिकस्त देकर अपना दबदबा बनाये रखा।

जीत के लिए 437 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पिछले सत्र की रणजी ट्रॉफी चैंपियन टीम दूसरी पारी में 198 रन पर आउट हो गयी।

मध्य प्रदेश की टीम ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 81 रन से की थी। उसे पहली बार ईरानी कप को जीतने के लिए और 356 रन की जरूरत थी। लेकिन कल के नाबाद बल्लेबाज हिमांशु मंत्री अपने 51 रन के स्कोर में बिना कोई इजाफ किये आउट हो गये।

शेष भारत के लिए सौरभ कुमार ने तीन जबकि मुकेश कुमार और पुलकित नारंग ने दो–दो विकेट लिये। इससे पहले भारतीय टीम में जगह बनाने के प्रबल दावेदार यशस्वी जायसवाल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दूसरी पारी में भी शतक जमाया था।

पहली पारी में 213 रन बनाने वाले जायसवाल ने दूसरी पारी में 144 रन का योगदान दिया जिससे शेष भारत इस पारी में 246 रन बनाने में सफल रहा। शेष भारत ने पहली पारी में 484 रन बनाए थे जिसके जवाब में मध्य प्रदेश 294 रन बनाकर आउट हो गया था।

# एमबाप्पे पीएसजी के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने




पेरिस, फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे शनिवार को नैनटेस पर 4–2 की जीत के दौरान पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गये। एम्बाप्पे ने मैच के इंजरी समय (90+2 मिनट) में मुकाबले का आखिरी गोल किया जो पीएसजी के लिए उनका 201वां गोल था। उन्होंने इसके साथ ही एडिसन कवानी के 200 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस जीत से पीएसजी की टीम 'लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग) की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी। एम्बाप्पे ने पीएसजी के लिए 247वां मैच खेलने के बाद कहा, 'जब मैं यहां आया था तब काफी कम उम्र का खिलाड़ी था। मैंने यहां बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा, 'मैं इतिहास बनाने के लिए खेलता हूं। मैंने हमेशा यह कहा है। मैं इस टीम और फ्रांस के लिए यह करना चाहता हूं। यह एक व्यक्तिगत उपलब्धि है लेकिन मैं यहां सामूहिक उपलब्धियों के लिए भी आया हूं।

लियोनेल मेसी ने मैच के 12वें मिनट में ही पीएसजी को बढ़त दिला दी थी। जौन हदजाम के आत्मघाती गोल से टीम की बढ़त दोगुनी हो गयी। लुडोविक ब्लास और इग्नाटियस गनागो ने सात मिनट के अंदर दो गोलकर मैच में नैनटेस की वापसी कर दी। दूसरे हाफ में डानिलो परेरा (60वां मिनट) के गोल से पीएससी ने मैच में एक बार फिर बढ़त बनायी और इंजरी समय में एम्बाप्पे ने गोलकर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। अन्य मैच में लिली ने लेंस को 1–1 की बराबरी पर रोका।

# हमने इस दौरे के बारे में जो सोचा था, इंदौर में उसका दोगुना हासिल किया: मैकडोनल्ड

अहमदाबाद, ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने स्वीकार किया है कि भारतीय टीम को घरेलू परिस्थितियों में चुनौती देने के लिए 'पूरी तरह से संपूर्ण (परफेक्ट)' होना जरूरत होता है और उनकी टीम ने इस दौरे के बारे में जो सोचा था उसके मुकाबले इंदौर टेस्ट में दोगुना अधिक हासिल किया। चार मैचों की श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट को तीन दिनों के अंदर हार कर बॉर्डर–गावस्कर श्रृंखला गंवाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इंदौर टेस्ट मैच में शानदार वापसी की।

टीम ने पहली गेंद से ही स्पिनरों की मददगार पिच पर भारत को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी।

मैकडॉनल्ड ने कहा, आप जब भारत में खेलते हैं तो सफलता के लिए आपको संपूर्णता (परफेक्शन) हासिल करनी होती है उसके आसपास होना पड़ता है। मुझे लगता है 11 रनों के भीतर छह विकेट गंवाने के अलावा हम उस मैच में उस संपूर्णता के करीब रहे।

मैकडॉनल्ड ने कहा कि टीम के मुख्य खिलाड़ी उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने के बारे में सीख रहे है और इससे भविष्य में उन्हें बड़ी सफलता मिलेगी।

उन्होंने कहा, उपमहाद्वीप में हर खिलाड़ी की यात्रा कही से शुरू होती है और मुझे विश्वास है कि खिलाड़ियों का एक समूह है, जो अगली बार अधिक अनुभव के साथ यहां




आयेगा और चुनौतियों के लिए तैयार होगा। उपमहाद्वीप के इस भाग (भारत) में अन्य हिस्सों की तुलना में अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में अगर एक सत्र में टीम ने खराब क्रिकेट नहीं खेला होता तो ऑस्ट्रेलिया के बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने का मौका होता। उन्होंने कहा कि इंदौर में टीम को किस्मत का भी साथ मिला।कोच ने कहा, मार्नुस (लाबुशेन) नो बॉल पर बोल्ड हुए थे। इसके अलावा हमने अवसरों को भी बखूबी भुनाया। उस्मान (ख्वाजा) ने उड़ते हुए कैच लपका। लेग स्लिप पर (स्टीव) स्मिथ के कैच ने इस मुकाबले को जीतने में बड़ा योगदान है। दिल्ली टेस्ट से यदि हम तुलना करें तो स्मिथ ने पहली स्लिप और मैट रेनशॉ ने लेग स्लिप पर एक–एक कैच टपका दिया था। एक घंटे के खराब खेल से हमने सब कुछ गंवा दिया। अच्छा क्रिकेट खेलने के बावजूद हमें इसकी कीमत टेस्ट मैच गंवा कर चुकानी पड़ी।उन्होंने कहा, इस दौरे के लिए हमने जो सोचा था इंदौर में उसका दोगुना हासिल करने में सफल रहे।

# फिल्मी सफर

## डिप्रेशन पागलपन नहीं है : दिव्या दत्ता



अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों और अवसाद (डिप्रेशन) से निपटने के बारे में खुलकर बात की है। अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने खुलासा किया कि इससे बाहर आना उनके लिए बहुत कठिन था और इस बात पर भी जोर दिया कि महिलाओं को इन मुद्दों के बारे में अधिक मुखर होने की जरूरत है। दिव्या ने कहा, मैं डिप्रेशन से गुजर चुकी हूं और इससे बाहर आ गई हूं। लेकिन हर कोई ऐसा नहीं कर सकता। लोगों को पता होना चाहिए कि इसके बारे में बात करना बिल्कुल ठीक है। इसे दबाने की कोशिश न करें। अगर कोई उदास दिखाई देता है तो उसे पर ध्यान दें और उनकी बात सुनें। डिप्रेशन पागलपन नहीं है। मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को एक बीमारी के रूप में देखा जाना चाहिए और एक के रूप में इसका इलाज किया जाना चाहिए। अभिनेत्री का मानना है कि अब समय आ गया है कि महिलाएं अपने मुद्दों के बारे में अधिक मुखर हों। अभिनेत्री आगे कहा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं पागलपन में तब्दील नहीं होती हैं। इसलिए, उन्हें समझाने की जरूरत है और मिथकों को तोडने की जरूरत है।

अभिनेत्री ने आगे कहा कि सबसे महत्वपूर्ण और अभी तक कम बोला जाने वाला विषय मानसिक स्वास्थ्य है। इससे इतनी सारी महिलाएं पीड़ित हैं लेकिन इसके बारे में बोलने की हिम्मत नहीं करती हैं। मुझे खुशी है कि अब हम इसके बारे में बात कर रहे हैं। महिला दिवस (8 मार्च) को अन्य महिलाओं के साथ मनाने की उम्मीद है जो एक बेहतर समाज और अवसरों के लिए समर्पित हैं।

दिव्या ने 1994 में फिल्म इश्क में जीना इश्क में मरना से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।

## शाहरुख खान अप्रैल में 7 दिनों तक करेंगे सलमान खान की टाइगर 3 की शूटिंग



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान, जिन्होंने पठान के साथ धमाकेदार वापसी की है, अब वह सलमान की टाइगर 3 में दिखाई देंगे। वह एक्शन सीक्वेंस शूट के लिए सात दिन व्यस्त रहेंगे। हिंदी सिनेमा के दो सबसे बड़े सुपरस्टार्स के मिलन ने फिल्म जगत में हलचल पैदा कर दी है। दर्शकों ने स्क्रीन पर उनकी एक्टिंग को पसंद किया है। एसआरके के पठान और सलमान के टाइगर के साथ अब जाने–माने वाईआरएफ स्पाई–ब्रह्मांड का भी संकेत मिलने लगा है।एक सूत्र के मुताबिक, शाहरुख अप्रैल के अंत में मुंबई में टाइगर 3 के लिए सात दिनों तक शूटिंग करेंगे।सूत्रों के मुताबिक, टाइगर 3 में शाहरुख खान और सलमान से पूरे दमखम की उम्मीद है। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स हर फिल्म के थिएटर अनुभव को कुछ स्तर ऊपर ले जाने वाला है। जबकि प्रत्येक फिल्म में अलग–अलग भावनाएं होंगी, यह देखते हुए कि कैसे तीन सुपर जासूसों के व्यक्तित्व और कहानी को अलग–अलग डिजाइन किया गया है।

## स्ट्रैपलेस ब्लाउज में गजब की खूबसूरत लगीं इशिता दत्ता, खूबसूरती के मुरीद हुए फैंस

बॉलीवुड में बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड बनाने वाली फिल्म दृश्यम 2 की एक्ट्रेस इशिता दत्ता सोशल मीडिया पर भी अपने हुस्न का जलवा बिखेरती रहती हैं। उनका किलर अंदाज फैंस को काफी पसंद आता हैं। वहीं, एक्ट्रेस साड़ी और स्ट्रेपलेस ब्लाउज के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की हैं, जो फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस इशिता दत्ता अपने ग्लैमरस अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। स्ट्रेपलेस ब्लाउज और साड़ी के साथ एक्ट्रेस इशिता दत्ता बेहद ही स्टनिंग पोज देती नजर आ रही हैं। इशिता दत्ता ने सोशल मीडिया पर अपने बोल्ड अंदाज से वो हुस्न का जलवा दिखाया, जिसे देखकर फैंस के पसीने छूट गए। इशिता



दत्ता टीवी से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अदाएगी का जलवा बिखेर चुकी हैं। बलखाती कमर और खूबसूरती से इशिता दत्ता फैंस के दिलों की धडकनें बढ़ाना बखूबी जानती हैं। खुले बाल और लाइट मेकअप में एक्ट्रेस इशिता दत्ता बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं। एक्ट्रेस इशिता दत्ता सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वहीं, फैंस को उनकी तस्वीरें काफी पसंद आती हैं। इशिता दत्ता सोशल मीडिया पर अपने निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।

## दबंग गर्ल को मिली एक बड़ी फिल्म, अली अब्बास जफर का होगा निर्देशन

हाल ही में संजय लीला भंसाली ने अपनी पहली वेब सीरीज हीरा मंडी की पहली झलक दर्शकों के सामने पेश की थी। उन्होंने अपनी इस वेब सीरीज के महिला किरदारों से दर्शकों को परिचित कराया था, जिसमें सबसे अन्त में सोनाक्षी सिन्हा की झलक सामने आई थी।

हीरा मंडी में मनीषा कोइराला और अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा भी मुख्य भूमिका में हैं। हीरा मंडी में सोनाक्षी सिन्हा को देखकर दर्शकों को हैरानी हुई थी। वजह उन्हें यह समझ में नहीं आ रहा था कि संजय लीला भंसाली ने सोनाक्षी में ऐसा क्या देखा। अभी सोनाक्षी की चर्चा हीरा मंडी को लेकर खत्म भी नहीं हुई कि सोनाक्षी सिन्हा ने एक बार फिर से दर्शकों को अचंभित कर दिया है। उन्होंने हाल ही में एक और बड़ी फिल्म को साइन किया है, जिसमें वे अपने पुराने को स्टार अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी।

प्राप्त समाचारों के अनुसार सोनाक्षी सिन्हा को निर्माता निर्देशक अली अब्बास जफर ने अपनी अगली निर्देशित फिल्म बड़े मियाँ छोटे मियाँ के लिए कास्ट किया है। वासु भगनानी, जैकी भगनानी के बैनर पूजा एंटरटेनमेंट तले इस फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। नब्बे के दशक में वासु भगनानी ने डेविड धवन के निर्देशन में अमिताभ बच्चन, गोविन्दा, राम्या कृष्णन और रवीना टंडन को लेकर इसी शीर्षक से फिल्म का निर्माण किया था। बॉक्स ऑफिस कामयाब रही इस फिल्म में अमिताभ–गोविन्दा दोहरी भूमिकाओं में नजर आए थे।

अली अब्बास जफर की बड़े मियाँ छोटे मियाँ पूरी तरह से इस फिल्म का रीमेक है या नहीं अभी इस बात की जानकारी मीडिया के सामने नहीं आई है। लेकिन बताया जा रहा है कि इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। अली अब्बास जफर ने सलमान खान को साथ में लेकर टाइगर जिंदा है बनाई थी, जिसके एक्शन ने दर्शकों को हैरत में डाल दिया था। बड़े मियाँ छोटे मियाँ इस वर्ष क्रिसमिस के मौके पर प्रदर्शित होगी।

## शहनाज गिल को मिला निखिल आडवाणी का अगला प्रोजेक्ट, महिला प्रधान होगी फिल्म

बिग बॉस स्टार शहनाज गिल अपने करियर को संवारने में लगी हुई हैं। अपने बॉलीवुड डेब्यू से पहले ही शहनाज एक फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुकी हैं। वह अवॉर्ड शो और अन्य कार्यक्रमों में अक्सर नजर आती हैं। सोशल मीडिया पर शहनाज की चर्चा लगातार बनी रहती है। वह सलमान खान की फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इसके अलावा अब उन्हें निखिल आडवाणी की एक फिल्म के लिए भी कास्ट किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, शहनाज को निखिल आडवाणी की एक फिल्म में कास्ट किया गया है। यह एक महिला प्रधान फिल्म है। इस फिल्म में वाणी कपूर भी नजर आएंगी। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म में शामिल हर अभिनेत्री का एक अहम किरदार होगा। फिल्म की शूटिंग मार्च में भोपाल में शुरू होगी। शूटिंग से पहले शहनाज अपना अभिनय और निखारने के लिए ट्रेनिंग भी



ले रही हैं। फिल्म का निर्देशन मिताक्षरा कुमार करेंगी।

शहनाज गिल सलमान की फल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आएंगी। इस फिल्म में सलमान की जोड़ी पहली बार पूजा हेगड़े के साथ बनी है, वहीं भूमिका चावला और भाग्यश्री भी इसका हिस्सा हैं। फिल्म में जस्सी गिल भी नजर आएंगे। बिग बॉस 16 में दिखे अब्दु रोजिक भी फिल्म में दिखेंगे। साउथ के सुपरस्टार वैंकटेश भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फरहाज सामजी के निर्देशन में बनी यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होगी।

शहनाज ने 2015 में म्यूजिक एल्बम शिव दी किताब से अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, इस एल्बम से उन्हें ज्यादा पहचान नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने मझे दी जट्टी और गैरी संधू के हौले–हौले में काम करके लोकप्रियता हासिल की। इसके बाद उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में काम किया और धीरे–धीरे पंजाब की कैटरीना कैफ कहलाई जाने लगीं। जल्द ही वह गुरु रंधावा के साथ एक म्यूजिक वीडियो में नजर आने वाली हैं।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338